कंचनजंगा पर्वत

# परम अंतरा

ज़मीन और आसमान की कहानी

हेमांगन अमदावादिआ

BlueRose ONE.com
Stories Matter
NewDelhi • London

**BLUEROSE PUBLISHERS**
India | U.K.

Copyright © Hemangan Amdavadia 2026

All rights reserved by author. No part of this publication may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted in any form or by any means, electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise, without the prior permission of the author. Although every precaution has been taken to verify the accuracy of the information contained herein, the publisher assumes no responsibility for any errors or omissions. No liability is assumed for damages that may result from the use of information contained within.

BlueRose Publishers takes no responsibility for any damages, losses, or liabilities that may arise from the use or misuse of the information, products, or services provided in this publication.

For permissions requests or inquiries regarding this publication,
please contact:

BLUEROSE PUBLISHERS
www.BlueRoseONE.com
info@bluerosepublishers.com
+91 8882 898 898
+4407342408967

ISBN: 978-93-7825-799-5

Cover design: Deepak Katheria
Typesetting: Manisha Rawat

First Edition: August 2026

यह परम अंतरा कहानी लेखक के दिलोदिमाग से निकली एक सोच है, जिसे कुछ काल्पनिक और वास्तविक बातो को मिलाकर लिखा गया है। इसका विषय रहस्यमयी है। परम अंतरा कहानी थीयरी के रूप में नहीं, बल्कि अलग-अलग सीन के रूप में लिखी गई है जो एक से लेकर अट्ठासी सीन तक लिखे गए हैं, ताकि पढ़ने वालों को पढ़ते समय थकान महसूस न हो। लेखक ने इस परम अंतरा कहानी को एक नए तरीके से लिखने की कोशिश की है, जिसे आप स्क्रिप्ट भी कह सकते हैं।

हमें उम्मीद है। "परम अंतरा" कहानी हर पढ़ने वाले को एक नए रोमांचक और रहस्यमयी सफ़र की ओर ले जाऐगी।

नमस्ते

**।। श्री गणेशाय नम ।।**

स्क्रिप्ट
कहानी
परम अंतरा
लेखक का नाम
हेमांगन अमदावादिआ

यह कहानी दो लोगो की है । एक परम और दुसरी अंतरा । जमीन और आसमान की प्रेमकहानी जो प्यार की एक अलग परिभाषा दिखाती और सिखाती है । अनेक रहस्य से परिपूर्ण ये कहानी आज के मनुष्य को नेक और दिलो-दिमाग से सुंदर बनाती है ।

| क्रम | नाम | आयु | पात्रो |
|---|---|---|---|
| 1 | परम | 25 | नायक |
| 2 | अंतरा | 22 | नायिका |
| 3 | डेविड जोन | 30 | विदेशी पर्यटक |
| 4 | पठान अवतारसिंह | 28 | कस्बे का रहेवासी |
| 5 | बुजुर्ग रतनसिंह | 90 | कंचनजंगा के बारे मे जानकार |
| 6 | अमरसिंह ठाकुर | 40 | कस्बे का मुखिया |
| 7 | गोविंद आहुजा | 30 | डोक्टर |
| 8 | ग्याराह लोगो की टीम | 28-35 | रिसर्च की टीम |
| 9 | रीटा चौधरी | 22 | पाठशाला की शिक्षिका |
| 10 | मोना शर्मा | 24 | पाठशाला की शिक्षिका |
| 11 | कोमल त्रिपाठी | 25 | पाठशाला की शिक्षिका |
| 12 | रविन्द्र शुक्ला | 28 | पाठशाला के शिक्षक |
| 13 | निरव जोशी | 22 | पाठशाला के शिक्षक |
| 14 | विमल उपाध्याय | 30 | पाठशाला के शिक्षक |
| 15 | गोविंदराय माथुर | 46 | विधाधन चेरीटेबल चेरमेन अध्यापक |
| 16 | किशन पहेलवान | 27 | कंचनजंगा के टेडेमेडे रास्तो के जानकार |
| 17 | अब्दुल शेख | 33 | कंचनजंगा के टेडेमेडे रास्तो के जानकार |
| 18 | अमन | 11 | बालपात्रो |
| 19 | नैना | 09 | बालपात्रो |
| 20 | रोशन | 15 | बालपात्रो |
| 21 | तमन्ना | 12 | बालपात्रो |
| 22 | पाठशाला के बच्चे | 1-16 | सौ |
| 23 | भीमा | 22 | चाय की दुकानवाला |
| 24 | योगी महाराज | 55 | कंचनजंगा और हिमशीला के जानकार |
| 25 | व्यापारीगण | 30-36 | कंचनजंगा के नीचे कस्बे के छोटे-बडे दुकानदार |

# देशकाल और वातावरण (लोकेशन)

1. कंचनजंगा - हिमआच्छादित पर्वतीय विस्तार
2. क्सबा - दौसो तीनसो लोगो का
3. एक बडा सा वटवृक्ष - कस्बे के थोडे बहार (कुदरती)
4. चाय की दुकान - कस्बे के थोडे दुर औऱ कंचनजंगा के नीचे ठीक वटवृक्ष के सामने
5. पाठशाला - कक्षा 1 से लेकर कक्षा साँत तक
6. गहरा हुआ - आधा पानी से भरा
7. छोटी बडी दुकाने - कस्बे मे रहेनेवाले छोटेबडे व्यापारीओ की
8. एक बडी सी टेडी-मेडी चट्टान- जिस पर रस्सी के सहारे चढा जा सके (कुदरती)
9. एक बडी सी हिमशीला - कुदरती
10. एक छोटा सा अस्पताल
11. एक भव्य सेट - आसमान के परियो का देश
    - एक बडासा दरवाजा
    - सुंदर फुलो का खिला बाग, फुलो का झुला
    - दो हँसो का जोडा
    - एक सुंदर कमल के फुलो से खिला सरोवर
    - शिव का मंदिर
12. विनस (शुक्र ग्रह का सेट)
    - एक सुंदर सा तालाब
    - सात सुंदर से बडे कमल पुष्प

# अनुक्रमणिका


सीन-1 आउटडोर लोकेशन कुदरत टाईम-सुबह एकशन ........................................ 1
सीन-2 आउटडोर, लोकेशन-कंचनजंगा, टाईम, सुबह ............................................ 2
सीन-3 आउटडोर, लोकेशन चाय की दुकान, टाईम सुबह-एकशन ...................... 3
सीन-4 ईनडोर-लोकेशन रतनसिंह का घर, टाईम-शाम ......................................... 5
सीन-5 आउटडोर, लोकेशन कस्बे के बहार खडे वटवृक्ष टाईम-सुबह.................. 6
संक्षिप्त :सीन-6 आउटडोर, लोकेशन कंचनजंगा-टाईम -: रात .............................. 8
सीन-7 ईनडोर-लोकेशन :रतनसिंह का घर, टाईम दोपहर ..................................... 9
सीन-8 आउटडोर-लोकेशन-पाछशाला, टाईम सुबह............................................12
सीन-9 ईनडोर, लोकेशन पाठशाला, टाईम दोपहर (बारँह से पाँच) .....................13
सीन-10 आउटडोर, लोकेशन पाठशाला, टाईम सुबह (सात से नव) ................14
सीन-11 ईनडोर, लोकेशन मुखिया का घर, टाईम-शाम .......................................16
सीन-12 ईनडोर, लोकेशन पाठशाला, टाईम दोपहर.............................................18
सीन-13 आउटडोर-लोकेशन-पाठशाला के बहार-टाईम-सुबह ...........................20
सीन-14 आउटडोर-लोकेशन-कस्बे के मंदिर के बहार गहरा कुँआ)
आधा पानी से भरा (टाईम-सुबह .........................................................................22
सीन-15 आउटडोर-लोकेशन पाठशाला के बहार छोटा स्टेज-टाईम-दोपहर ....25
सीन-16 ईनडोर-लोकेशन मुखिया का घर, टाईम-शाम.........................................27
सीन-17 ईनडोर-लोकेशन-रतनसिंह का घर टाईम-शाम .....................................31
सीन-18 आउटडोर-लोकेशन-कस्बा-टाईम-दोपहर ..............................................33
सीन-19 आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-सुबह...........................................35
सीन-20 आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा, टाईम-रात ............................................38
सीन-21 आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-सुबह...........................................40
सीन–22 आउटडोर लोकेशन -कंचनजंगा - टाईम-रात........................................42

सीन-23 ईनडोर-लोकेसन-कस्बा-टाईम-दोपहर ....................................................44
सीन-24 आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-सुबह........................................46
सीन-25 आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-रात............................................49
सीन-26 आउटडोर-लोकेशन-हिमशीला-टाईम-सुबह..........................................51
सीन-27 आउटडोर-लोकेशन-हिमशीला-टाइम-रात.............................................52
सीन-28 आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियों का देश-टाईम-सुबह ..........54
सीन-29 आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियो का देश-टाईम-सुबह ..........56
सीन-30 आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियो का देश-टाईम-सुबह ..........58
सीन-31 ईनडोर-लोकेशन-पाठशाला-टाईम-दोपहर ..........................................60
सीन-32 आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियो का देश-टाईम-सुबह ..........62
सीन-33 आउटडोर-लोकेशन आसमान की परीयों का देश-टाईम-शाम............65
सीन-34 आउटडोर लोकेशन आसमान की परियो का देश-टाईम-रात ..............69
सीन-35 आउटडोर-लोकेशन-परियो का देश-टाईम-सुबह..................................72
सीन-36 आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियो का देश टाईम-शाम............75
सीन-37 आउटडोर-लोकेशन-कस्बे के बहार खडे वटवृक्ष टाईम-सुबह.............78
सीन-38 ईनडोर-लोकेशन अस्पताल-टाईम-सुबह ................................................80
सीन-39 ईनडोर-लोकेशन अस्पताल-टाईम-दोपहर..............................................82
सीन-40 आउटडोर-लोकेशन-कस्बा टाईम-सुबह.................................................85
सीन-41 आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम दोपहर .......................................87
सीन-42 आउटडोर-लोकेशन परम के धर की छत, टाईम-रात)
(चाँदनी रात)...............................................................................................89
परम अंतरा 2 –.............................................................................................93
सीन-43 आउटडोर. लोकेशन, बस स्टोप, टाईम, सुबह.........................................94
सीन-44 ईनडोर , लोकेशन, पाठशाला की ओफिस , टाईम-दोपहर ....................96
सीन-45 ईनडोर,लोकेशन, बुजुर्ग रतनसिंह का घर टाईम-शाम ............................98
सीन-46 आउटडोर, लोकेशन, पाठशाला का मैदान, टाईम – सुबह................. 100

सीन-47-ईनडोर, लोकेशन, म्युजीयम, टाईम-सुबह........................................ 101
सीन-48 ईनडोर, लोकेशन-परम का घर, टाईम-शाम........................................ 104
सीन-49 ईनडोर-लोकेशन होटल का रुम-रात........................................ 106
सीन-50 आउटडोर, लोकेशन, अखाडा, टाईम-सुबह........................................ 107
सीन-51 आउटडोर,लोकेशन परम के घर की छत-टाईम शाम........................ 109
सीन-52 ईनडोर, लोकेशन – परम का धर - टाईम-सुबह................................. 112
सीन-53 आउटडोर, लोकेशन-कस्बा, टाईम-सुबह ........................................ 113
सीन-54 ईनडोर-लोकेशन-परम का घर, टाईम-शाम ........................................ 115
सीन-55 आउटडोर, लोकेशन-अखाडा, टाईम-सुबह........................................ 118
सीन-56 ईनडोर-लोकेशन-अंधेरा कमरा, टाईम-शाम ।................................... 120
सीन-57 ईनडोर-लोकेशन, शंशाक का घर-टाईम – सुबह................................ 122
सीन-58 लोकेशन-वाई न्युझ चैनल का औफिस, टाईम-सुबह ।....................... 123
सीन-59 आउटडोक. लोकेशन –बस स्टोप(बेस्ट)टाईम – दोपहर य़................. 124
सीन-60 ईनंदोर, लोकेशन-होटल का रुम-टाईम-सुबह ।................................. 126
सीन-61 ईनडोर, लोकेशन- एक कमरा, टाईम-शाम ........................................ 130
सीन-62 आउटडोर-लोकेशन-वटवृक्ष, टाईम-सुबह ........................................ 132
सीन-63 आउटडोर, लोकेशन- परम के घर की छत, टाईम-शाम.................... 134
सीन-64 ईनडोर, लोकेशन-पाठशाला की ओफिस, टाईम-सुबह...................... 137
सीन-65 ईनडोर, लोकेशन– मुंबई (होटल), टाईम – शाम................................. 140
सीन-66 ईनडोर-लोकेशन-पाठशाला की क्लासरुम, टाईम-सुबह.................... 144
सीन-67 ईनडोर-लोकेशन-पाठशाला का मीटींगरुम,
टाईम –दुसरे दिन सुबह........................................................................ 146
सीन-68 आउटडोर, लोकेशन-संमुन्दर(जुहु), टाईम-शाम................................. 149
सीन-69 ईनडोर, लोकेशन-परम का घर, टाईम-दोपहर ।................................. 152
सीन-70 आउटडोर ,लोकेशन-कस्बे का वटवृक्ष ,टाईम-शाम ।........................ 154
सीन-71 आउटडोर, लोकेशन-परम के घर की छत, टाईम-रात....................... 155

सीन-72 ईनडोर-लोकेशन-पठान अवतारसिंह का घर, टाईम-दोपहर ।........... 157

सीन-73 आउटडोर ,लोकेशन-कस्बे का गहरा कुँआ-समय– शाम.................. 159

सीन-74 ईनडोर-लोकेशन-पाठशाला (मीटींग रुम), टाईम – सुबह ।.............. 161

सीन-75 आउटडोर, लोकेशन, कस्बे मे मेला, टाईम- सुबह से शाम ।............. 163

सीन-76 ईनडोर, लोकेशन-पुरानी ईमारत के अंदर, टाईम-शाम ।................... 167

सीन-77, आउटडोर , लोकेशन, हाईवे से जंगल मे
पुरानी ईमारत तक टाईम-सुबह ।............................................................ 169

सीन-78 ईनडोर, लोकेशन (अस्पताल) टाईम-सुबह........................................ 171

सीन-79 ईनडोर, लोकेशन, गोविंदमाथुर का घर, टाईम-दोपहर ।.................... 173

सीन-80 आउटडोर, लोकेशन-पाठशाला, टाईम-शाम ।.................................. 175

सीन-81 आउटडोर, लोकेशन-मुखिँया, अमरसिंह के
घर के बहास समय –रात ।........................................................................ 178

सीन-82 आउटडोर, लोकेशन परम के घर की छत, समय आधीरात ।............ 181

सीन-83 ईनडोर, लोकेशन, पाठशाला, टाईम-सुबह ।.................................... 184

सीन-84 आउटडोर, लोकेशन, पाठशाला के बहार, टाईम-दोपहर ।................ 187

सीन-85 ईनडोर, लोकेसन-एक बडा सा कमरा
(होल-पाठशाला), टाईम-शाम ।................................................................ 190

सीन-86 आउटडोर ,लोकेशन-पाठशाला के बहार ,टाईम-शाम ।.................... 193

सीन-87 ईनडोर ,लोकेशन-बडा सा होल ,समय– शाम ।................................ 196

सीन-88 लोकेशन –परम के घर की छत, टाईम-चाँदनी रात ।.......................... 200

# सीन-1
## आउटडोर लोकेशन कुदरत टाईमसुबह एकशन-

(जिसका भी वर्णन या बाते की जा रही है। उसका परदे पे दिखाना)
हमारी पूरी दुनिया मे कई-कई जगह पे नदिँया, सरोवर, महासागर और पर्वतीय श्रृंखला आई है। रहस्यमय गुफाए, सुंरगे आदि-आदि कई ऐसी जगह है।
ईस विश्व में सूरज का उगना
उसका शाम को अस्त होना
रात में तारोका पूरे आसमान में
टिमटिमाना कुछ रहस्य लगता है ।
ऐसी कौन सी दिव्यशकि है ।
जो ईन सब पर अपना नियंत्रण रखती है।
एक अलौकिक शक्ति है।
जिसे लोग ईश्वर कहेते है ।
उस ईश्वर ने कई-कई बाते, रहस्यमय जगह अपने तक सीमीत रखी है।
जो आज के वैज्ञानिक युग में भी जान पाना मुश्किल है ।
मनुष्य चाहे कितनी भी कोशीश कर ले पर उस सत्य को उस रहस्य को जान नही पायेगा ।
ऐसी एक कहानी मे आप को पढाना और दिखाना चाहता हुँ ।
मेरी नजर से ..

# सीन-2

# आउटडोर, लोकेशन-कंचनजंगा, टाईम, सुबह

(कंचनजंगा की प्रमुख जानकारी परदे पे दिखाना)

**कंचनजंगा**

जो हिमालय ऐव भारत-नेपाल तक फैला हुआ पर्वत है।
जिसकी उँचाई ८५९८ है।
हर साल कई देश-विदेश के लोग यहाँ आते है ।
उसको देखने, उसकी आस-पास की सुंदरता निहालने,
कई विदेशी पर्यटक, नये फिलोसोफर, प्रकृतिप्रेमी, रिसर्च के लिए कंचनजंगा आते रहते है ।
कंचनजंगा के नीचे बसे कस्बे के लोगो का अक्सर कहना है, की
यह कंचनजंगापर्वत अनेक रहस्यो से परिपूर्ण है।

# सीन-3

## आउटडोर, लोकेशन चाय की दुकान, टाईम सुबहएक्शन-

(कंचनजंगा के रहस्यो को जानने एक विदेशी पर्यटक का कंचनजंगा आना,
काँचनजगा के टेडे मेडे रास्तो को जानकार, कस्बे का रहेवासी पठान अवतारसिंह
से मिलना, भीमा की चाय की दुकान पे)

### डेविड जोन

मुझे कंचनजंगा की सबसे ऊँची चोटी पर जाना है।
क्या तुम मुजे वहाँ तक ले जाओगे ।
मैने सुना है की तुम कंचनजंगा के टेडे-मेडे रास्तो के जानकार हो

### पठान अवतारसिंह

सही सुना है,
साबजी मगर में आप को
क्यूं वहाँ ले जाउ ।
डेविड जोन
वहाँ मुझे कुछ जगह
का रिसर्च करना है ।
पठान अवतारसिंह
क्या रिसर्च करना है ।
आप का रिसर्च हो जाएगा पर मेरा उसमे
क्या फायदा, (उसी दौरान भीमा का दो चाय लेकर आना ।)

### डेविड जोन

तुम्हे जो चाहिये वह में दुगाँ ।
डोलर, रुपये, में तुम्हे एक हजार डोलर दूँगा,
मगर तुम्हे मेरे साथ आखिर तक आना होगा ।
पठान अवतारसिंह
खुश होकर साबजी, जरुर में आपको
कंचनजंगा की सबसे ऊँची चौटी पे ले जाऊँगा ।

मगर उससे पहले हमे कस्बे में रहेनेवाले बुजुर्ग
रतनसिंह से मिलना होगा, जो कंचनजंगा के बारे में बहुत कुछ जानते है ।
डेविड जोन
कौन है यह रतनसिंह
पठान अवतारसिंह
साबजी वह हमारे कस्बे के बहुत ही पुराने नब्बेसाल बुजुर्ग है ।

# सीन-4
## ईनडोर-लोकेशन रतनसिंह का घर, टाईम-शाम

(डेविड जोन और पठान अवतारसिंह का बुजुर्ग रतनसिंह के घर जाना ।)

### पठान अवतारसिंह

चाचा मे पठान अवतारसिंह और ये
डेविडजोन जो कंचनजंगा देखने और घुमने आये है ।
चाचा ईनको कंचनजंगा की सबसे
ऊँची चोटी पे जाना है, तो आप से
कुछ कंचनजंगा के बारे में जानकारी चाहिए ।

### बुजुर्ग रतनसिंह

बेटे उस जगह जाना खतरे से खाली नहीं,
क्योकि वहाँ पहुँचने पर आगे जाने का कोई
रास्ता नहीं, केवल एक बड़ी सी हिमशीला
दिखाई देती है ।
जिस पर कुछ संस्कृत में लिखा है,
अग्र गच्छति भयावह, निवेदीत शीधम
वापसी, जीवन संकटम, अस्तु
जिसका अर्थ होता है ।
कृपया आप से निवेदन है।
ईस हिमशीला के आगे जाना आप के लिए
सही नहीं तो वापस लौट जाईए,
आप की जान को खतरा है।
सुनो मेरी मानो वहाँ जाने की बात छोड दो,
डेविड जोन और पठान अवतारसिंह का उठकर चले जाना ।

# सीन-5

## आउटडोर, लोकेशन कस्बे के बहार खडे वटवृक्ष टाईमसुबह-

(कंचनजंगा के नीचे और कस्बे के बहार के वटवृक्ष के नीचे
डेविडजोन और पठान अवतारसिंह का बेहोशी मेंमिलना ।)

### डेविड जोन

यब सब बाते केवल कल्पना और डराने के
लिए है, ऐसा कुछ भी नहीं होता ।
अब तो मेरा ईरादा और मजबुत हो गया है।
तुम जाने की तैयारी करो, हम दोनो दो दिन के बाद कंचनजंगा पर जाने की
शुरुआत करेगे ।

### पठान अवतारसिंह

साबजी पाँच-सात दिन लगते है ।
दोनो कंचनजंगा जाना,
ठीक तीन दिनो के बाद
(डेविड जोन और पठान अवतारसिंह का कस्बे के पास आये पुराने वटवृक्ष के नीचे
बेहोशी की हालत में मिलना । कस्बे के सभी लोगो का ईक्ठा होना, कस्बे के
मुखिया अमरसिंह ठाकुर को बुलाना ।)

### अमरसिंह ठाकुर

कस्बे के मुखिया थे। डॉक्टर को बुलाया,

### डॉ. गोविंद आहुजा

डेविडजोन और पठान अवतार सिंह को देखना,
अस्पताल ले गये। ईलाज करने पर उनको
मालुम हुआ ।

दोनो अपनी याददास्त भुल गये है।
पागल हो गये है।
(डेविड जोन के फेमिलीवाले उसे अमेरिका ले गये ।
पठान अवतारसिंह का पागलखाने में भर्ती कर दिया गया ।)

# संक्षिप्त –सीन :6

# आउटडोर, लोकेशन कंचनजंगारात ,टाईम:– रात

(दो महिने के बाद वहाँ की सरकार की तरफ से ग्याराह लोगो की टीम को कंचनजंगा की
आखरी बडी उँची चोटी परभेजना ।)
सभी लोगो की कंचनजंगा के नीचे ईक्ठे
होना कंचनजंगा पर जाने की शुरुआत करना ।
ठीक रात के ग्याराह बजे उनका आगे बढना ।
तीन दिनो के बाह ग्याराह के ग्याराह लोगो का कस्बे के पास आये पुराने वटवृक्ष के नीचे बेहोशी की हालत में मिलना । कुछ भी मालुम न होना की अचानक वह सभी कंचनजंगा की उँस उँची चोटी पर नीचे कैसे आ गये । ईस पुरे घटनाक्रम का न्युजपेपर और टी.वी. चैनल दिखाई जाना ।
पुरे कंचनजंगा में कई तरह की अफवाओ का फैल जाना, कंचनजंगा का नाम सुनते ही लोगो के मने में डर सा बैठ जाना।
कंचनजंगा आनेवाले यात्री और पर्यटको की संख्या का वहुत कम हो जाना ।
कंचनजंगा के नीये आये हुऐ छोटे-बडे व्यापारीयो, दकानदारो का धंधा ठप हो जाना ।
वह एक बडी विकट समस्या बन गई ।

# सीन–7

## ईनडोर–लोकेशन: रतनसिंह का घर, टाईम दोपहर

(मुखिया रतनसिंह और व्यापारीगण का बुजुर्ग रतनसिंह से मिलना जो कंचनजंगा के बारे में बहुत कुछ जानते थे ।)

### मुँखिया अमरसिंह

ये सब क्या हो रहा है, कंचनजंगा में
पहले डेविडजोन ओर पठान अवतारसिंह
पागल हो जाना, याददास्त भुल जाना,
उसके बाद ग्याराह लोगो की टीम का
बेहोशी की हालात मे वटवृक्ष के नीचे मिलना ।

### बुजुर्ग रतनसिंह

सुनो डेविड जोन और पठान अवतारसिंह
दोनो मेरे पास आये थे। मेरे मना करने पर भी उन लोगो का वहाँ जाना ।

### मुखिया अमरसिंह

चाचा क्यु ऐसी घटनाँए बनती है ।
ईसका कारण बताईये । क्यु की
आप तो कस्बे और कंचनजंगा के
बारे में हम से ज्यादा जानते है ।
(आउटडोर)

### बुजुर्ग रतनसिंह

यह उस समय की बात है, जब में
तुम्हारे उम्र का था । कंचनजंगा के
आसपास घुमता-फिरता रहता था,
यात्री पर्यटको कंचनजंगा ले जाया करता था ।
एक दिन की बात है ।

एक पवित्र योगीराज मुझे मिले,
जो कंचनजंगा की सबसे ऊँची चोटी
पर जाना चाहते थे ।
मुझे मालूम था कहाँ तक उसके आगे
कोई रास्ता नहीं था ।

## व्यापारी गण

चाचा, उसरे बाद क्या हुआ, क्या आप
उनके साथ ऊँची चोटी पर गये थे ।
(आउटडोर)

## बुजुर्ग रतनसिंह

मैने वैसे ही पूछ लिया
योगी महाराज, उसके आगे कोई रास्ता ही नहीं ।

## योगी महाराज

बेटे, ईस दुनिया में कई रास्ते कई
जगह कुछ बाते अभी तक कोई जान
नहीं पाया । तुम ने तो कंचनजंगा
आखरी चोटी पर एक बडी हिमशीला ही
देखी है ।

## बुजुर्ग रतनसिंह

यहीं सब बाते करते-करते हम कंचनजंगा
की आखरी चोटी और हिमशीला के सामने
पहुँच गये ।
जाते-जाते वह मुझे एक रहस्यमय बात कह गये ।

## योगी महाराज

ईस हिमशीला के आगे वही जा सकता है ।
जो निष्पापी, निष्कलंकित, धैर्यशील और
जिसका मन पवित्र हो, जिसने कभी भी
अपनी जिंदगी में कीसी को दर्द नहीं पहोचाया हो,

हर कीसी की हर वक्त मदद करने तैयार रहे ।

## ईनडोर :-

(बुजुर्ग रतनसिंह की यह बाते सुनकर मुखिया अमरसिंह सब व्यापारीगण सोच में डुब गये। सब लोग सहमत थे। बुजुर्ग रतनसिंह की बातो से)

## मुखिया अमरसिंह

ऐसा कोन होगा, जो पूर्णरुप से निष्पापी
निष्कलंकित, धैर्यशील और जिसका मन पवित्र हो,
क्योंकि ऐसा तो केवल सात साल की उम्रवाला
छोटा बच्चा हो सकता है ।
बच्चे को ईतनी खतरनाक जगह पर भेजा नहीं जा सकता ।

# सीन-8

## आउटडोर-लोकेशन-पाछशाला, टाईम सुबह

(कस्बे के छोटे-बडे बच्चो को पढाँने के लिए कक्षा १ से लेकर कक्षा ७ तक की
पाठशाला का खुलना)
एक महिने बाद
(छोटा सा स्टेज)
गोविंदराय माथुर (विधाधन चेरीटेबल के चेरमेन)
कस्बे के सभी उपस्थित, बडे बुढे
औरते और छोटे-बडे बच्चे लोग आज
मुझे बडी खुशी है। की ईस कस्बे
में एक पाठशाला खोली जा रही है।
में आशा रखता हूँ
की कस्बे का हर एक बच्चा ईस
पाठशाला में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करेगा,
ईस पाठशाला में सात शिक्षको की भर्ती, की गई है।
जो आप को सच्ची लगन और महेनत
से आप लोगो के बच्चो को अच्छी शिक्षा के
साथ उनका खयाल भी रखेगे ।

## मुखिया अमरसिंह

आज में आदर और सम्मान के साथ
गोविंदराय माथुर का शुक्रिया अदा करता हूँ,
उन्ही के सहारे आज हमारे कस्बे
में यह पाठशाला शुरु हो रही हैं।
में यकीन देता हूँ,
की कस्बे का हर एक बच्चा ईस
पाठशाला में पढ़ने जायेगा ।

# सीन-9

## ईनडोर, लोकेशन पाठशाला, टाईम दोपहर (बारँह से पाँच)

(पाठशाला के शिक्षक और शिक्षिका का परिचय और उनका काम)
रीटा चौधरी
मीना शर्मा
कोमल त्रिपाठी
बच्चो और बच्चियों को प्राथमिक शिक्षा देना
जैसे की उनके साथ खेलना ।
उनको एक से दस के अंको की पहुँचान करवानी
अंग्रेजी में खिलौने के माध्यम से पूरी ऐ.बी.सी.डी.
सिखानी उनका ख्याल रखना ।
उनसे पेन्टींग करवानी ।
उनको टी.वी. पे कार्टुन दिखाना ।
दोपहर का खाना देना, आदि-आदि
(पहेली कक्षा से लेकर तीसरी कक्षा के सभी काम तीन शिक्षिकाओ को देखना ।
रवींद्र शुक्ला
नीरव जोशी
विमल उपाध्याय
कस्बे के सारे बच्चो और बच्चीयो को
प्राथमिक शिक्षा के बाद उनको देश-राज्य
विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अंक गणित, भूगोल
के बारे में वाकिफ करवाना। हिन्दी के
पाठ-कविता का पढन करवाना, आसपास
की हर एक चीज का ज्ञान देना आदि-आदि
(चौथी कक्षा से लेकर छठी कक्षा की सारी
भाग-दौड ईन तीन शिक्षको का देखना ।)

# सीन-10
# आउटडोर, लोकेशन पाठशाला,
# टाईम सुबह (सात से नव)

(परमकुमार शर्मा जो पाठशाला में संस्कृत पठाँते थे। पाठशाला के सारे बच्चो को वह सुबह पाठशाला के बहार योग, सूर्यनमस्कार, प्रार्थना करवाते थे। जो पाठशाला के साँतवी कक्षा में बच्चो को पठाँई के साथ सारे पाठशाला के बच्चो को अच्छे संस्कार और तालीम भी दे रहे थे।)

**परम (नायक)**

ईस पाठशाला में मेरा पहेला दिन है ।
सभी बच्चे और बच्चियाँ में आपको
संस्कृत पठाउँगा उसके साथ में सभी
लोगो सुबह सात बजे योग सिखाउँगा ।
एक छोटा सा बच्चा
सर यह योग क्या होता है ।

**परम**

बेटे तुम्हारा नाम क्या है।
एक छोटा सा बच्चा
सर मेरा नाम अमन है ।

**परम**

अमन योग एक ध्यान और कसरत है ।
जिससे हमारा पुरा दिन अच्छा और खुशनुमा गुजरता है ।

**अमन**

अच्छा सर हम सभी आपसे योग सिखेगे ।

**परम**

पाठशाला के सभी बच्चो को योग के
साथ सूर्यनमस्कार, प्रार्थना, कई सारे
खेल भी होंगे. एक खास बात आपको
सुबह का नास्ता भी मिलेगा ।
अब सभी लोग अपनी-अपनी कक्षो में जाये ।

(पाठशाला शुरु होने से पहेले सुबह परम का सभी बच्चो को योग के साथ कई सारी प्रवृतियाँ जैसे की क्रिकेट खेलना, उनके साथ फूटबोल, भागम-भाग, बच्चो को अच्छी-अच्छी कहाँनिया सुनाना, उनके साथ-साथ बडो को सम्मान करना,सभी के साथ प्यार से पेश आना, आदि कई बाते भी सिखाना ।
ईन सभी मे दो महिने गुजर जाना ।)

# सीन-11
# ईनडोर, लोकेशन मुखिया का घर, टाईमशाम-

(सारे छोटे-बडे व्यापारीयो का कस्बे के मुखिया अमरसिंह के घर जाना, कंचनजंगा में आनेवाले, यात्री, पर्यटको देश-विदेश के रिसर्च, फिलोसोफर आदि लोगो की संख्या में कभी हो जाना । (उनका छोटा-मोटा धंधा ठप हो जाना ।

## व्यापारीगण

मुखिया की यह सब क्या हो रहा है।
कंचनजंगा में घुमने फिरने वाले लोग
दिनप्रतिदिन कम होते जा रहे है।

## मुखिया अमरसिंह

यब बात तो सच है ।
पीछले तीन महिने में भी यही
सोच रहा हूँ, पहेली तरह अब
कंचनजंगा में पर्यटको, यात्री ओ का आना
बहुत कम होते जा रहे है।

## व्यापारीगण

उसमें यह टी.वी. चैनलवाले, अखबार
वाले कुछ न कुछ मिर्च-मसाला डालके
कंचनजंगा पर्वत को बदनाम कर रहै है।
कई-कई तरह की अफवाए फैला रहै है।
जिसके डर से कोई कंचनजंगा के आसपास
घुमने फिरने नहीं आ रहे ।

## मुखियाँ अमरसिहं

हम ने कोशिश तो की बुजुर्ग रतनसिंह से मिले,
आप को मालुम ही तो है। हम सब उनके
पास जाना । मगर कोई उपाय नही निकला
मुझे मालुम है। कि आप सभी व्यापारीओ का
धंधा कम हो रहा है। आप का दिनभर का
गुजारा भी नहीं हो रहा ।
अब जो भी करना है, वह उपरवाला परमेश्वर ही करेगा ।

# सीन-12
# ईनडोर, लोकेशन पाठशाला, टाईम दोपहर

(परमकुमार का साँतवी कक्षा में बच्चो को संस्कृत पढाना ।)

**परम**

(सातवी कक्षा में)
बोर्ड पे लिखना
मातृदेवो भव, पितृदेवो भव,
आचार्य देवो भव, अतिथि देवो भव ।
बच्चों, इसका क्या मतलब है?

**नैना**

एक प्यारी सी लडकी का खडा होना ।
सर पहेले माँ को प्रणाम करना, फिर दूसरा प्रणाम पिता को करना,
तीसरा प्रणाम हमारे गुरु को करना, उसके बाद,
हमारे घर में आये महेमान को भी लिखा है, प्रणाम करना ।

**परम**

नैना बिलकुल सही जवाब दिया ।
शाबास
दुसरा श्लोक
"अधूरम, मधुरम वदन मधुरम, नयनं मधुरम,
हंसती मधुरम, मधुराधिपतेय अखिलम मधुरम"
इस श्लोक का अर्थ है।
(कोई भी इसे समझने के लिए खड़ा नहीं हुआ) सभी बच्चे एक-दूसरे को देखने लगे।

**परम**

ईसका अर्थ होता है ।

किथन कन्हैया तो आप जानते हो, माखनचोर जिनके होठ सुंदर है,
जिनके प्रणाम सुंदर है। जिनके नयन सुंदर है।
जिनका सब आचरण सुंदर ही सुंदर है।

# सीन-13

## आउटडोर-लोकेशन-पाठशाला के बहार-टाईम-सुबह

(पाठशाला के सभी बच्चो और बच्चीयों को सुबह बहार घुमने ले जाना। प्रकृति को करीब से दिखाना। उनके साथ खेलना । योग और कसरत के बाद उन्हे कविता या गीत गवाँना । सुर्य नमस्कार के बारे में..)

### परम

मेरे प्यारे बच्चो क्या आप लोग
सुरज के बारे में क्या जानते हो ।
बच्चे
(एक साथ में) सुरज हमे रोशनी देता है।
वह अंधकार को दूर करता है।

### परम

बस ईतना ही और कुछ ।
दूसरा बच्चा
वह हमें विटामीन डी देता है।

### परम

बहुत खूब सही, ईसके अलावा वह सुरज
हमे रोशनी के साथ-साथ हमे बीमारीयाँ से
लडने की शक्ति देता है।
सुरज के प्रकाश से फूल खीलते है।
सुरज के कारण हम दिन और रात का
पता चलता है ।
अगर सूरज नहीं होता तो यह पूरी दुनिया
अंधकारमय होती। हर जगह गंदकी और
बीमारी बढ जाती ।
सूरज के कारण चंद्रमां और तारे टिमटिमाते है ।
सुरज के कारण हमे उर्जा मिलती है।

सुरज के कारण खेत में फसले बनती है।
तो सभी बच्चो को मेरा कहना है।
हर सुबह आप लोग, छोटे से लोटे मे जल भरकर
ईस सूर्यनारायण को अंजली प्रदान करोंगे ।
(सभी बच्चे लोग)
चिल्लाते बोले जरुर सर हम लोग यह रोजाना करेगे ।

# सीन-14

# आउटडोर कस्बे के मंदिर के बहार गहरा कुँआ-लोकेशन-सुबह-टाईम (आधा पानी से भरा)

(एक दिन पाठशाला से सभी बच्चो को सुबह नव बजे परमकुमार का कस्बे के पूराने मंदिर के पास घूमने-फिरने ले जाना । सभी बच्चो के बीच तीन फूटबोल देखकर खेलने को कहँना। परम का कस्बे के पूराने मंदिर को देखने जाना। क्योंकि उसकी पूरानी चीज और पूरानी जगह देखने का बडा शोख था ।)

## परम

सूनो मेरे प्यारे बच्चो
तुम सभी तीन टीमो मे परिवर्तन हो जाव
में तुम्हे यह तीन फूटबोल दे रहा हूँ ।
जो तुम्हे अच्छे से मिलजुलकर खेलना ।
पाठशाला के बच्चे
यस सर
हम अभी तीन टीम बना लेते है ।
परम
अच्छा बच्चो मे यह पुराने मंदिर
को देख आता हूँ। तूम सब एक दूसरे का
खयाल रखना
पाठशाल। के बच्चे
जरुर सर
आप बेफिकर होकर जाईये ।
हम यहाँ खेल रहे है।

(जहाँ पे पाठशाला के सभी बच्चे खेल रहे हो। उनके कुछ दूर एक गहँरा कुआ था। जो आधा पानी से भरा था। जिसकी न तो बच्चो को ना ही परमकुमार को पता था ।)

## पाठशाला के बच्चे

फूटबोल को अपने पैरो से किक लगाने के लिए भाग-दौड कर रहे थे ।
उनमे से एक कस्बे में रहनेवाले बनिया का लडका रोशन फूटबोल को पैरो से
किक मारते
उस गहरे कुए तक ले आया ।
सभी बच्चे उससे फूटबोल छीनने
के लिए उसका पीछा कर रहे थे ।
सब लोग ईसी भागमभाग और खेल में मशगुल थे ।
रोशन
अपनी पूरी टीम को पीछे देखकर उसने
एक जोर से फूटबोल को कीक मारी
की अचानक वह फूटबोल उस गहरे कुए
मे गिर गया ।
कुए के नजदीक जाकर देखनेवाला था
की अचानक से उसकी पूरी टीम के धक्के
से रोशन का कुए में गिर जाना ।
पाठशाला के बच्चो
सभी बच्चे जोर से चिल्लाने लगे बचाओ,
बचाओ रोशन का कोई बचाओ
वह कुए मे गिर गया ।

## परम

बच्चो का शोर सुनाई दिया ।
(तुरन्त जल्दी से दौडकर वह बच्चो के पास उस गहरे कुए तक पहुँच कर बिना सोचे-समझे अपनी परवा न कर के कुए मे छलाँग लगा दी। रोशन का अपनी बाहो मे लेकर कुछ समय कुए मे तैरता रहा। आस-पास के कुछ रहनेवाले वहा पहुँच गये 1)

## (कस्बे का रहेवासी)

कही से बडी रस्सी ले कर आया
उसने कुएँ मे रस्सी डालकर परम और
रोशन को बहार निकाला। जिसका
खेत मंदिर के थोडे पास था ।

## परम

बहार निकलते ही रोशन के पेट से
पानी निकालना । उसे उलटा सुलाना
डॉ. गोविंद आहुजा
रोशन को देखना
फिर परम को कहँना अच्छा हुआ की आपने तुंरत छलाँग लगाकर रोशन के पेट मे
ज्यादा पानी नहीं जाने दिया ।
अब यह बच्चा ठीक है।
परम से पूछना
क्या तुम सही हो
परम
डॉ. साब हाँ में बिलकुल ठीक हुँ ।

# सीन-15
# आउटडोर-लोकेशन पाठशाला के
# बहार छोटा स्टेज-टाईम-दोपहर

(परमकुमार का पाठशाला के सभी शिक्षकगण और कस्बे के लोगो के सामने सम्मान किया जाना। पाठशाला के सभी बच्चो का परमकुमार से प्यार और लगाव होना । ईसके अलावा बच्चो के माता-पिता कस्बे के बुढे जवान दादा-दादी आदि सभी को परमकुमार के प्रति मान-सम्मान बढ जाना ।)

## मुख्य अतिथि
## गोविंदराय माथुर

आज में बहुत खुश हुँ, ईस कस्बे
में पाठशाला खोलना मेरा सही निर्णय था ।
यहाँ के हर एक शिक्षक सच्चे मन और
लगन से बच्चों को शिक्षा दे रहे है।
उस के बाद स्टेज पर परमकुमार को
बुलाना ।
(स्टेज पर आते ही सारे बच्चो और सभी
लोगो का जोरो से तालियाँ बजाकर उनका स्वागत करना ।)

## परम

यहाँ बेठे हुए अतिथि विशेष तथा कस्बे के
सभी बडे-बुढे बुजुर्ग, औरतो को ईतना ही
कहना है ।
हमारा काम उस छोटे से पौधे की
देखभाल करना है। उसे समय-समय पर
पानी देना, प्रकाश देना, उसको तुफान से
बचाना । जब-तक की वह पौधा मुल से
मजबुत न हो जाये ।
हम शिक्षक बच्चो को पठाई के अलावा

उनको जीने की सीख देना होता है।
उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी बनती है ।
हमारे लिए आप सभी के बच्चे उसे नाजुक पौधे
की तरह है। जिसका देखलेख करना हमारा कर्तव्य है ।
(सारे मौजुद लोगो ने तालियाँ की गदगदाहट से वातावरण खुशनुमा दिया बना ।)

# सीन-16

# ईनडोर-लोकेशन मुखिया का घर, टाईम-शाम

(मुर्खिया अमरसिंह ठाकुर तथा व्यापारीगण का बुजुर्ग रतनसिंह की मौजूदगी में परमकुमार को शाम को अपने घर दावत पे बुलाया । परमकुमार के बारे में सब-कुछ जानना उसके बाद कंचनजंगा में हो रहे घटनाओ के बारे में विस्तार से बताना ।

## मुखिया अमरसिंह

परम, अपने बारे में कुछ बताओ
तुम्हारे परिवार मे कौन-कौन है ।
यहाँ कंचनजंगा में जोब कैसे लगे ।

## परम

दहेरादुन की एक अनाथाश्रम मेरा बडा होना
मेरे माँ-बाप के बारे में मुझे कुछ नही पता ।
उसे अनाथाश्रम के चेरमेन गोविंदराय
माथुर के नेतृत्व में मेरा स्नातक होना
उनके ही विधाधन चेरीटेबल ट्रस्ट के
माध्यम से मेरा ईस पाठशाला में जोब करना ।
मेरा ईस दुनिया में एक ही रिश्तेदार है।
गोविंदराय माथुर

## मुखिया अमरसिंह

हमे मालुम नहीं था कि तुम्हारा ईस दुनिया
कोई नहीं, मगर बेटे आज से हम सब लोग
तुम्हारे अपने है। अपने आप को
कभी अकेले नही समजाना ।

## परम

मेने तो ईस पाठशाला को ही अपना परिवार
मानता हूँ । यहाँ छोटे-बडे बच्चो के साथ मेरा
वक्त बडे आनंद से गुजर जाता है। ईसके
अलावा ईस कस्बे के सभी लोगो ने मुजे
जो मान और सम्मान दिया हो वह मेरे
लिए मेरे अपनो से बँढकर है ।

## मुखिया अमरसिंह

बेटे परम तुम क्या ईस कंचनजंगा के
बारे में कुछ जानते हो। पिछले तीन-चार महिनो से वहाँ
अजीबो-गरीब घटनाँए बन चुकी है।

## परम

हाँ मैने टी.वी. न्युजपेपर मे कंचनजंगा
के बारे में कुछ सुना था ।

## मुखिया अमरसिंह

परम को कंचनजंगा की उँची चोटी के बारे में,
संस्कृत में लिखे हिमशिला के बारे में,
डेविड जोन पठान अवतारसिंह के बारे में,
ग्याराह लोगो को सब पागल होकर अपनी
याददास्त भुल गए ।
शुरु से लेकर आखिर तक सभी बाते
घटनाक्रम परमकुमार को सुनाई ।

## बुजुर्ग रतन सिंह

परम जब में तुम्हारी उम्र का था ।
जब मुझे एक एक पवित्र योगीराज ने
बताया था। की कंचनजंगा की सबसे
बडी आखरी चौटी पर वही जा सकता है।
जो निष्पापी, निष्कलंकित धैर्यशील
जिसका मन पवित्र हो, जिसने आज-तक

कीसी का बुरा नही किया हो ।
तुम्हे आये यहाँ तीन-चार महिने हुऐ है।
मगर में जानता हूँ। कि तुम में यह, सभी गुण विधमान है ।

## व्यापारीगण

(कस्बे के छोटे-बडे सभी व्यापारीओ का परमकुमार से कहँना ।)
कंचनजंगा मे हो रहे ईस अनहोनी घटना
के कारण कंचनजंगा पर्वत घुमने-फिरनेवाले
ईस देश और विदेशी पर्यटको, रिसर्चवालो
की संख्या, बहुत कम हो गई है।
हमारे सभी धंधे-रोजी-रोटी सब बहुत कम और मंद हौ गये गै ।
तीन-चार महिने से हम सब बेकार बन चुके है ।
क्या परमकुमार आप हमे ईस मुसीबत से
बहार निकाल सकते है ।

## परम

(सभी लोगो की बात सुनकर)
मैं ईसमे आप को क्या मदद कर
सकता हूँ ।

## मुँखिया अमरसिंह

परम क्या तुम हम सब के लिए
ईस कस्बे के लिए, यहाँ के लोगो
के लिए ईन छोटे-बडे व्यापारीओ के
लिए ।
कंचनजंगा की सबसे ऊँची और आखरी
चोटी पर खडी उस हिमशिला के आगे जाओगे ।
क्या तुम ईस रहस्य से पर्दा उठा पाओगे ।
हम सभी लोगो की एक तुमसे ही उम्मीद
है परम ।
क्योकि तुम में वह सभी गुण विधमान है।
मौजूद है ।

**परम**

मुझे एक दिन चाहिए सोचने के लिए कल ईसी समय शाम को मे बुजुर्ग रतनसिंह के घर मेरा फैसला सुनाउँगा ।

# सीन-17

## ईनडोर-लोकेशन-रतनसिंह का घर टाईम-शाम

(एक दिन सोचने बाद परमकुमार का बुजुर्ग रतनसिंह के घर मुखिया अमरसिंह, व्यापारीगण सभी लोगो के सामने कंचनजंगा की सबसे बडी आखरी चोटी पर जाने को तैयार होना। मगर उससे पहले परम का सब लोगो से बात करना ।

### परम

अगर आप को लगता है में ईसे
रहस्य से पर्दा उठा सकता हूँ ।
आप लोगो का विश्वास है, की ईस
परेशानी से में आप को निकाल सकता
हूँ। तो में तैयार हूँ।
कल में पूरे दिन यही सोचता रहा ।
मैं ईस दुनिया में अकेला हुँ
न मेरे आगे कोई है, न कोई पीछे
मुझे कुछ पाना नही, मुझे कुछ खोना नहीं,
अगर यह कर्म कर के मैं वापस आ जाउ
तो आप लोगो की तकदीर अगर में वापस न लौंट पाया तो मेरी तकदीर

### बुजुर्ग रतनसिंह

बेटे परम क्यूं केसी बाते कर रहे हो ।
हम तुम्हारे अपने तो है।
मुझे यकीन ही नही, विश्वास है।
की तुम जरुर वापस लौटेगे ।

### मुँखिया अमरसिंह

परम, अपने आप को कभी अकेला न समझना
क्योकिं यह कस्बे के सभी लोग तुम्हारे लिए
प्रार्थना करेगे । की तुम सही सलामत वापस आ जाओगे ।

## परम

कंचनजंगा की सबसे बडी आखरी चोटी पर
मुझे अकेला जाना होगा, किसी को साथ
ले जा सकता हूँ ।

## बुजुर्ग रतनसिंह बेटे परम

ईश्वर ने कुछ खास और नेक कर्म करने के
लिए कुछ खास और नेक दिल के
ईन्सान को, चुनता है ।
वह ईन्सान मान लो की तुम हो ।
और वह खास और नेक काम
कंचनजंगा की सबसे ऊँची चोटी पर आई
उस हिमशीला के आगे जाना है।

## परम

आप लोगो का मुझ पर विश्वास है ।
तो में कोशीश करूँगा। आप सब
को ईस मुसीबत से निकाल सकुँ ।

## व्यापारी गण

परम हम सब लोग उस ईश्वर से प्रार्थना करेगे की तुम्हे ईस नेक काम में कामयाब करे ।

# सीन-18

## आउटडोर-लोकेशन-कस्बा-टाईम-दोपहर

(परम का कंचनजंगा की सबसे ऊँची और आखरी चोटी पर जाने को तैयार होना। परम को वहाँ ले जाने के लिए कंचनजंगा के टेडे-मेडे रास्तो के जानकार अब्दुल शेख और किशन पहेलवान का साथ में जाना केवल ईस हिमशीला तक।)

### मुखिया अमरसिंह

परम तुम्हे कल सुबह चार बजे
कंचनजंगा पर जाने की तैयारी करनी होगी,
हम तुम्हारे साथ कंचनजंगा
के टेडे-मेडे रास्तो के जानकार दो लोग
भेज रहे है।
एक अब्दुल शेख और दुसरा किशन पहेलवान

### अब्दुल शेख

परम मैने सफर मे जो जरुरी चीजे
और सामान का बंदोबस्त कर दिया है।
खाने-पीने की चीजे,
पहनने के लिए गरम कपडे,
रात में रहने और सोने के लिए मजबुत टेन्ट ।

### किशन पहेलवान

हम ने भी परम ज्यादा ठंडी से बचने
के लिए तीन-चार शराब की बोटले ले ली है।
जो हमे आग जाकर ठंडी से बचायेगी ।
उसके अलावा आगे जलाने के लिए कोयला
और सुकी लकडिया भी साथ ले ली है।

## परम

बहुत खुश
आप दोनो ने ईतने कम वक्त में ईस सारी
चीजो का बंदोबस्त कर दिया। आप के साथ
सफर करने को बडा आनंद आएगाँ ।

# सीन-19

## आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-सुबह

(सुबह चार बजे कस्बे के कुछ चुनिंदा खास लोग एक बुजुर्ग रतनसिंह और मुँखिया अमरसिंह की मौजूदगी में परम का अब्दुल शेख और किशन पहेलवान के साथ कंचनजंगा पर जाने की शरुआत करना। ज्यादा कीसीको ईसके बारे में मालुम नहीं होना ।

**परम**

चलते-चलते कितने दिन लगेगे उस
कंचनजंगा की उँची चोटी पर पहुँचने में,
किशन पहलवान
करीब पाँच-या सात दिन

**अब्दुल शेख**

वैसे तो पाँच दिन में पहुँच सकते है।
एक रास्ता है। मगर वह बहुत कठिन
और खतरे से भरा है।

**परम**

कौन सा रास्ता

**अब्दुल शेख**

परम वह रास्ता कंचनजंगा के जंगल
से होकर निकलता है। जंगली जानवर
लेपड (चित्ते) और खूंखार वरुओ का भय
रहता है ।
जंगल के आखिर में एक बडी नदी
गुजरती है। जो कभी बरफ से जम जाती है।
और कभी ठंडे पानी से भरी रहती है।
वह पानी ईतना ठंडा होता है, की उसमें
पैर रखने से ही आदमी पैर से लेकर सिर

तक ठंडी से जकड जाता है ।
तेज बुखार या दिल की धडकन भी रुक
जा सकती है ।

**परम**

सौंचते हुझे दूसरे रास्ते के बारे में
किशन पहेलवान
परम वह रास्ता पर्वतो से गुजरता है।
हम जैसे-जैसे उपर की और जायेगे
वैसे-वैसे ठंड बढती जायेगी।
ईसके अलावा बर्फीली हवाओ का तुफान
भी आ सकता है।
कंचनजंगा के टेडे-मेडे रास्ते भी
खतरनाक है। कभी-कभी चलते-चलते
तो कभी रस्सी के सहारे उपर तक
जाना होता है ।

**परम**

गहँरी सोच में
मान लो की हम ऐक एसी जगह पर खड़े है ।
जहाँ पर बाये और दाये खाई है ।
तो हमे कीसी ऐक का चुननाँ होगा ।
किशन पहेलवान
दोनो ही रास्ते खतरनाक है
मगर हम दोनो आप को आप की मंजिल
कंचनजंगा की उँची चोटी पर सही सलामत
ले जाएगे यह हमारा आपसे वादा है ।

**परम**

मुजे आप दोनो पर पूरा विश्वास है,
मगर मेरे कारण आप दोनो को कुछ
नहीं होना चाहिए ।

## अब्दुल शेख

परम तुम बेफिकर होकर चलो,
हम दोनो हर एक खतरे से भीड सकते है।

# सीन-20

## आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा, टाईमरात-

(अब्दुल शेख और किशन पहेलवान की बात सुनने के बाद परम आखिर मे तय करता है की हम सब वही रास्ते पर जायेगे जो पर्वतो से गुजरता है। चलते-चलते तीनो लोगो का थक जाना। अच्छी जगह देखते वहाँ टेन्ट लगाना। खा-पीकर वही सो जाने का तय करना क्योंकि अंधेरा ज्यादा हो गया था।)

परम

सुनो यारो अब अंधेरा बढ रहा है ।
हमे कही ठहरना होगा ।
अगला सफर कल सुबह करेगे ।

### किशन पहेलवान

परम सही बात है, मे यहाँ अच्छी
जगह देखकर टेन्ट लगाने की कोशिश
करता हूँ ।

### अब्दुल शेख

ठंड भी ज्यादा है। में सुकी लकडियों
को ईकठ्ठा करके आगे जलाने की कोशिश
करता हूँ ।

### परम

दोस्तो खाने की क्या व्यवस्था है।
क्योंकि सारा दिन चलते-चलते
थकान के कारण पेट में चुहे दौड रहे है।

### अब्दुल शेख

खाने के लिए में नीचे कस्बे से
बहुत सारे सेब ले के आया हूँ ।

**परम**

जो होगा वो चलेगा, लाओ दो-तीन सेब
खा लेता हूँ ।

(तीनो के सेब खाकर टेन्ट लगने के बाद एक-एक पेक लगाकर टेन्ट में सो जाना।)

# सीन-21

# आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-सुबह

(परम का सुबह जागना, किशन और अब्दुल को जगाना, आगे का सफर शुरु करना, चलते-चलते बातो-बातो में परम का अब्दुल शेख और किशन पहेलवान के जिन्दगीं के बारे में जानना ।)

## परम

दोस्तो आप दोनो ने अपने बारे में
तो मुझे कुछ नहीं बताया ।
क्या करते हो, घर पे परिवार में कौन-कौन है ।

## अब्दुल शेख

हमारे बारे में जानकर क्या करोंगे
परम मेरे परिवार मे बस मेरी एक
छोटी सी बच्ची है। बारह साल की,
जिसका नाम तमन्ना है, जो मेरे दिल
का टुकडा है।

## परम

और भाभी जी

## अब्दुल शेख

वह तमन्ना को जन्म देते ही ईस
दुनिया से अलविदा हो गयी ।
(आँखो में दो-तीन आसुँ आ जाना ।)

## परम

माफ करना अब्दुल तुम्हारी पुरानी यादे
मैने फिर से याद करवा दी ।

## अब्दुल शेख

चलता है परम जिन्दगी है ।
जख्म भी देती है, मलम भी लगाती है ।

## किशन पहेलवान

देख परम तु मुझसे कुछ पुछे ईससे
पहले में ही मेरी रामकथा तुम्हे सुनाई देता हूँ ।
मेरी शादी को चार महिने हो चुके है।
में मेरे माता-पिता के साथ कस्बे में रहता हूँ ।
तुम्हारी भाभी मुझ से नाराज होकर अपने
बाप के घर चली गई है।
वह कस्बे में रहेना उसे पसंद नहीं,
देख परम में कही भी रह सकता हूँ। पर
वहाँ मेरे माता-पिता होने चाहिए ।

## परम

किशन तुम्हारी सारी बाते मे समज गया
अब कुछ बताने की जरुरत नहीं ।
तुमने जो किया वह सही है ।
(ईसी दौरान सुरज का डूबना ।)
(कंचनजंगा में धीरे-धीरे प्रकाश पर अंधकार का हावी हो जाना ।
पुरे दिन उँचे-नीचे टेडे-मेडे रास्तो पे चलकर तीनो का थक जाना ।)

# सीन–22

## आउटडोर लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-रात

(रात के समय परम और अब्दुल शेख, किशन पहेलवान तीनो का रहेने के लिए अच्छी जगह टेन्ट बनाना, उसके बाद खाना, ठंडी से बचने के लिए आग जलाना, तीनो का शराब पीते-पीते एक-दूसरे से बात करना, परम का प्यार के बारे में अपनी राय देना, तीनो का टेन्ट में सो जाना । कंचनजंगा में बर्फीली हवाओ का भंयकर तुफान आना।)
(तीनो का आग के सामने बैठना )

### किशन पहेलवान

परम ये लो छाटा सा पैक
यार तुमने आज पुरे दिन हमारे
बारे मे बहुत कुछ जान लिया • अपने बारे में कुछ बताओ

### परम

अभी फिलहाल तो मैं अकेला हूँ ।
माँ का प्यार क्या होता है ।
बाप का प्यार क्या होता है ।
यह मुझ अनाथ को क्या मालुम
जब से होश संभाला, तब से अपनी
खुद की पहचान बनाने की कोशीश कर रहा हूँ ।

### अब्दुल शेख

नशे में परम क्या हम तुम्हारे अपने नहीं ।

### परम

होना, तुमदो मेरे दोस्तो हो, पाठशाला के
छोटे-बडे बच्चे मेरा परिवार है। कस्बे के सभी लोगो ने मुजे प्यार और सम्मान दिया है ।

## किशन पहेलवान

परम तुमहे चढ गई है, बहुत गहरी
बाते कर रहे हो । छोड़ो यह सब बात प्यार के बारे में तुम्हारी राय क्या है ।
बताओ ।

## परम

( नशे में) प्यार, प्यार, प्यार
ढाई अक्षर का यह लब्ज
जो बोलने में आसान है । उतना ही निभाने में
बहुत ही कठीन |
कौन नही चाहता, कि उसकी जिन्दगी में
कोई खास खुबसुरत, आसमान की परी जैसी
कोई प्यारकरनेवाली हो ।
जो उसे समझे, उसका साथ दे,
उसको हिंमत दे, उसको बेपनाह प्यार दे,
जींदगी के सफर में हाथो में हाथ पकडकर
सात समुंदर पार कर जाये ।

(यह कहते-कहते परम को नींद आ जाना, किशन और अब्दुल का परम को उठाकर टेन्ट में अच्छी तरह से लैटाना | बाद में उन दोना का भी सो जाना । )
(कंचनजंगा के पर्वत पे हवाओ का तेज चलना, धीरे-धीरे बर्फीली हवाओ का रौद्र रुप धारण करना, बादलो का गडगडाना, बीजलीओ का चमकना, हवाओ की तेज रफ्तार में टेन्ट में सोये परम, अब्दुल और किशन का टेन्ट समेट हवाओ के जोर से दूर, गिरना, टेन्ट का टुट जाना, तीनो की नींद टूट जाना, एक दूसरे को संभालना। अब्दुल को सिर पे चोट लगना, तीनो को छोटी-मोटी, चौटे-धाँव लगना ।)

# सीन-23

## ईनडोर-लोकेसन-कस्बा-टाईम-दोपहर

(कस्बे के सारे लोग और पाठशला के सभी छोटे-बडे बच्चो का परमकुमार के बारे में पूछना, कहाँ चले गये, कब आयेंगे, शिक्षणगण का कहना, सात दिन छुट्टी पे जाना। सभी शिक्षकगण का मुखियाँ अमरसिंह ठाकुर के घर जाना ।

### रविन्द्र शुक्ला

सुनो मेरे प्यारे बच्चो आज में तुम्हे
संस्कृत सिखाँउँगा सारे बच्चो
जोरो से चिल्लाना
परम सर, परम सर, परम सर

### रविन्द्र शुक्ला

बच्चो वह साँत दिन की छुट्टी पे,
देहरादुन गये हो जरुरी काम के लिए
जल्द ही वापस आ जायेगे ।
( ईसी दौरान सारे शिक्षकगण का रविन्द्र शुक्ला को बुलाना। उनके साथ मुखिया अमरसिंह के घर जाना ।)

### शिक्षकगण

अमरसिंहजी चार दिन बीत चुके है ।
यह पाचवा दिन है। हम सब बच्चो को कब-तक झुठ बोलते रहेंगे ।
हमे तो बताईये के परमकुमार कहाँ गये है।

### मुखियाँ अमरसिंह

वक आने पर जरुर बताउँगा, अब आप
पाठशाला जाकर बच्चो को पढाईये । सबको
यही कहना है की परम सात दिन के लिए दहेरादून गये है ।
ईसके ईलावा कोई बात ईस कस्बे के बहार नहीं जानी चाहिए ।

(पाठशाला के सारे शिक्षको के जाने के बाद मुखियाँ अमरसिंह का बुजुर्ग रतनसिंह के घर जाना। उनसे बात करना।)

## बुजुर्ग रतनसिंह

अमरसिंहजी आओ, कैसे आने हुआ ।
कोई बात जानने को मीली ।

## मुखिया अमरसिंह

चाचा, आज मेरे घर पाठशाला के सभी
शिक्षकगण आये थे। मुझसे पूछ रहे थे
परम के बारे में,
कैसे-वैसे कर के मैने उन्हे अभी तो समजाया है।
मगर कब-तक ऐसे हम
सब लोगो को समझायेगे ।
ईस बात का छुपा के रखेगे। की
परम को हमने कस्बे के दो लोग
अब्दुल शेख और किशन पहेलवान के
साथ कंचनजंगा की आखरी उँची चोटी पर भेजा है।

## बुजुर्ग रतनसिंह

बेटे थोडा सा सब रखना होगा। ऐसे कामो मे कुछ वक्त तो लगता है।
सब ठीक हो जायेगा ।

## मुँखिया अमरसिंह

चाच पाँच दिन होने को है।
पाठशाला के शिक्षकगण के अलावा पाठशाला के छोटे-बडे बच्चे लोग, कस्बे के लोग भी पूछ रहे है। अचानक से परमकुमार कहाँ चले गये ।

# सीन-24

## आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-सुबह

(सुबह होते ही परम का अब्दुल शेख और किशन पहेलवान के साथ आगे की सफर शुरु करना। चलते-चलते तीनो का एक बड़ी सी चट्टान के पास ठहरना। जो बडी उँची और टेडी-मेडी सी और खतरनाक भी, उस पर रस्सी के सहारे उपर चढना था 1)

### अब्दुल शेख

कल रात के उस बर्फिले तुफान से
हम तीनो बहार निकल आये,
खुदा हंमेशा, नेक बंदो की हिफाजत करता है ।

### किशन पहलवान

मगर अब्दुल तुम्हे तो सर पे चोट लगी है।

### अब्दुल शेख

यह चोट तो मामुली है, ठीक हो जायेगी ।

### परम

मैने पहेलीबार ऐसा खतरनाक तूफान देखा ।
उस बर्फिली हवाओ के कारण हम टेन्ट के साथ
तीनो का दुर उड जाना ।

### किशन पहेलवान

यह तो कुछ नहीं परम
ईसके आगे ईस तुफान से भी बडा एक
खतरा आनेवाले है ।

**परम**

कैसा खतरा
किशन पहेलवान
अपना हाथ ऊँचा करके एक बड़ी सी
ऊँची सी चट्टान को दिखाना ।

**परम**

चट्टान को देखना
जो बहुत फैली हुई थी। कुछ ज्यादा उँची भी थी ।
क्या है यह,

**अब्दुल शेख**

परम तुम्हारी मंजिल बहुत करीब है मगर,
वहाँ पहोचने के लिए हम लोगो को
ईस चट्टान को पार करना होगा ।
वह भी चलते-चलते नही,
रस्सी के सहारे उपर चढना होगा ।

**किशन पहेलवान**

ईस चट्टान को देख रहे हो ।
जो बहुत टेडी-मेडी और खतरनाक है ।
जिस पर चढ़ने के वक्त तुम्हे बहुत ही सँभलकर
ध्यान देना होगा ।
हम है, तुम्हारे साथ
पहले हम तुम्हे उपर रस्सी के सहारे भेजेगे ।
उसके नीचे हम लोग खडे रहेगे ।

**परम**

दोस्तो, ईसके अलावा कोई और रास्ता नही

**अब्दुल शेख**

नही, परम एक ही रास्ता है।
उस चट्टान पर पहुँचने के बाद तुम

आसानी से कंचनजंगा की आखरी और
ऊँची चोटी पे खडी हिमशीला तक पहुँच सकते हो ।

## परम

यह बात है अब्दुल
तो मे तैयार हूँ। जो होगा वो देखा जायेगा ।
तुम दो लोग हो। मुझे कीसी बात का डर नहीं ।
(अब्दुल शेख और किशन पहेलवान का पहेले परम को रस्सी के सहारे चट्टान पर पहुँचाना। बाद में चट्टान के उपर से परम का रस्सी के सहारे अब्दुल शेख और किशन पहेलवान को चट्टान पर ले आना ।)

## सीन-25

## आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा-टाईम-रात

(कंचनजंगा की सबसे ऊँची और आखरी चोटी से कुछ ही दूर परम, अब्दुल शेख और किशन पहेलवान ठहरना, रुक जाना आगे का सफर सिर्फ परम को अकेले ही तय करना। अब्दुल शेख और किशन पहेलान दोनो का परम से बाते करना । वापस नीचे कस्बे पर लौटाना ।

### किशन पहलवान

परम तुम्हारी मंजिल आ गई,
ईसके थोडे दूर जाने पर तुम्हे
वह बडी हिमशीला देखने को मिलेगी ।
उसके आगे तुम्हे जाना है।

### अब्दुल शेख

परम हम तो वापस चलते है ।
अपना खयाल रखना
खुदा तुम्हारी हिफाजत करे,
ईस रहस्य से पर्दा उठाने में तुम्हे ताकात दे ।

### परम

मेरे प्यारे दोस्तो सही सलामत तुम वापस
कस्बे पहुँच जाव, कस्बे के सारे लोगो से
मेरे प्यारे बच्चो से कहँना ।
में जल्द ही वापस लौट आउँगा ।

### किशन पहेलवान

कस्बे के नीचे से उपर यहाँ पहुँचना कठिन है।
वैसे ही यहाँ से वापस नीचे कस्बे में जाना
हमारे लिए आसान है ।

मैं ईश्वर से प्रार्थना करूँगा ।
तुम्हे ईस कार्य में सफल करे ।
(परम का अब्दुल और किशन दोनो को गले लगाकर वापस भेजना ।)

# सीन-26
# आउटडोर-लोकेशन-हिमशीला-टाईम-सुबह

(परम का चलते-चलते एक बडी हिमशीला के सामने पहुँचना। उस हिमशीला पर संस्कृत में लिखा हुआ देखना और पढ़ेंना। परम का गहँरी सोच में डूबना। अपने आप से बात करना। परम का आत्ममंथन।)

**परम**

हिमशीला पर संस्कृत में दो लाईने लीखी थी।
"अग्र गच्छति भयावह, निवेदीत शीधम
वापसी, जीवन संकटम अस्तु।"
पढना।
कृपया आप से निवेदन है।
ईस हिमशीला के आगे जाना आपके लिए
सही नही है।, तो वापस लौट जाईए।
आप की जान को खतरा है।
अर्थ होना है।
परम गहरी सोच में ..
आत्म मंथन
कश्मकश मे आ जाना
दिमाग कह रहा है। आगे जाना खतरनाक है।
वापस लौट जाओ।
मन कहँ रहा था।
हे परम तु आगे बढ जो होगा वह देखा जायेगा।
दूसरी और कस्बे के लोग मुखिया की
बुजुर्ग रतनसिंह सब व्यापारीओ के बात याद आनी।
(सुबह से लेकर शाम तक परम का सोचना, दो-तीन बार उस हिमशीला को छु ने की हिंमत करना, मगर न छु कर वापस हिमशीला से दुर आ जाना।)

# सीन-27

# आउटडोर-लोकेशन-हिमशीला-टाइम-रात

(परम का उस बडी हिमशीला को छु ना ।)

## परम

परम का हिमशीला को छुआ वैसे ही
वह हिमशीला पीगलने लगी। और एक
बडे दरवाजे के रुप में परिवर्तित हो गई
परम को यह अजीब लगना ।
परम ने हिंमत कर उस दरवाजे को छुआ
वह दरवाजा अपने-आप खुलने लगा। एक दिव्य तेज से पुरा शिखर जगमगाने लगा।
जैसे ही परम का आगे बढना ।
वह दरवाजा कुछ क्षण बाद वापस
हिमशीला में परिवर्तित हो गया ।
मन ही मन सोचने लगा। यह में कहाँ आ गया हूँ।
हिंमत के साथ परम का आगे बढना
क्योकि में वापस तो अब जा नहीं पाउँगा । आगे बढने में ही समझदारी है ।
परम की आँखो के सामने ..
एक मनोहर नयनरम्य फूलो का सुनहरा बाग दिखना,
जिसमे कई तरह से सुंदर फूलो से भरा था ।
कुछ आगे बढने के बाद,
एक सरोवर का दिखाई देना ।
जिसका पानी आईने की तरह साफ था ।
उस सरोवर के आसपास सुंदर कमल-पुष्प खिले थे ।
दो हँसो का जोडा था। जो उस सरोवर में एक-दूसरे से क्रीडा कर रहे थे।
(पानी में मस्ती करना।)
सूर्योदय होने में कुछ देर थी, जिसके कारण पूरा सरोवर गुलाबी और लाल रंग से खिल उठा था ।

पुरा वातावरण गुलाबी लालि से भरा उठा था ।
परम का अपने आप से बाते करना ।
कहीं में स्वर्ग में तो नही आ गया ।
कुछ चलने के बाद परम को कुछ आहट और शोर सुनाई देना ।

# सीन-28

# आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियों का देश-टाईम-सुबह

(परम को कुछ आहट और शोर सुनाई देना, उस दिशा की और आगे बढना और देखना ।)

## परम

एक श्वेत पंखोवाली, श्वेतवस्त्रो से सज्ज,
एक आसमान की परी, उस फुलो के बागे में,
फुलो से बने झुले पे आकर बैठ गई,
हँसते खिल-खिलाते जोरो से झुले पर,
झुलने का आनंद लेने लगी ।
परम की आँखे स्तब्ध रह गई, आश्चर्यचक्ति हो जाना,
यकीन न होना की यह ख्वाब है या हकीकत
उस आसमान की परी की आँखे नीली थी ।
जिसकी झुल्फे बहुत लंबी थी ।
जिसका चहेरा उस सूर्योदय की लालिमा जैसा था ।
बिलकुल शांत और मासुम
वहाँ के आसपास के वातावरण के
कारण तथा हिमपर्वत के श्वेतरंग से बना
आहलादक खुशनुमा मौसम,
फूलो के बाग में फैली हु, खुश्बु से
मानो वह कोई स्वर्ग की अप्सरा हो ।
कुछ देर बाद वह झुले से उतरकर अपने
श्वेतपंखो को फैलाये उस सरोवर की और
उडने लगी। जहाँ पे और तीन परीयाँ आपसेमें
आँख मिचौली खेल रहे थे। वह भी उनके
साथ खेलने में मशगुल हो गई ।
तीन परीयाँ का उस नीली आँखोवाली परी को अंतरा कहँकर बुलाना ।

(यह सब परम पेड के पीछे छुपकर देख रहा था। परम का मन ही मन मान लेना की वह आसमान की परियो के देश में आ गया है। जो सिर्फ परम ने किताबो और कहाँनियो में पढ़ा था।)

## अंतरा

अपनी तीन सहेलीयो को वापस जाने को कहँना ।
खुद सरोवर मे से एक कमलपुष्प लेकर शिव के मंदिर में जाना ।

## परम

सही मौको की तलास में था। की वह अंतरा से बात करे ।
अचानक से मुझे सामने देखकर वह भयभीत या भाग न जाये ।
फिर भी हिंमत करके उसके सामने जाने का तय कर लिया ।

## अंतरा

शिव का पूजा करने के बाद अपने पँख फैलाये उडनेवाली थी ।
तब ही उसे अपने नाम की आवाज सुनाई दी, सुनिये अंतराजी,
आस-पास अपनी नजरो से देखा ।
सामने कोई ईन्सान दिखाई दिया ।
अचानक से अपनी दुनिया में कीसी
ईन्सान को देखकर अंतरा का बेहोश हो जाना ।

## परम

अंतरा जमीन पे गिरनेवाली थी, की
परम ने उसे गिरने से संभाला ।
सरोवर से कुछ जल की बुंदे,
हाँथो मे लेकर अंतरा के चहेरे पे डॉलनी ।

# सीन-29
# आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियो का देश-टाईम-सुबह

(अंतरा का होश में आना। अपने सामने ईन्सान को देखकर अंतरा खडी होकर कुछ दुरी पे चले जाना। अंतरा का परम से बात करना ।)

**अंतरा (नायिका)**

गुस्से से
कौन हो तुम
कहाँ से आये हो,
हमारी ईस दुनियाँ में ईन्सान आ नहीं सकता ।
तुम कैसे यहाँ पहुँचे ।
हमें कोई आम ईन्सान छु नहीं सकता ।
तुमने कैसे हिंमत की हमें छुने की ।

**परम**

तुम बेहोशी में गिरनेवाली थी ।
ईसलिए हम ने तुम्हे संभाला ।
रही मेरी बात, मेरा नाम परम है।
में कंचनजंगा के नीचे आये कस्बे में रहताँ हूँ।
छोटे-बडे बच्चो का पाठशाला में संस्कृत पठाँता हूँ।
मैंने पहलीबार ईस सुंदर आसमान की परियो की दुनियाँ देखी है ।
मुझे अभी भी यकीन नहीं है। की में एक सुंदर परी के सामने
बात कर रहा हूँ। यह सब मेरे लिए एक काल्पनिक है ।
आसमान की परियो के बारे में सिर्फ किताबो और कहाँनियो में पढ़ा है।

**अंतरा**

हमे सच-सच बताओ
तुम यहाँ ईतनी उँचाई पे कैसे और क्यूं आये हो ।
अपना उद्देश्य बताओ ।

**परम**

पिछले छ महिने से ईस कंचनजंगा में कुछ ना कुछ अनहोनी घटनाँए होती रहती है।
कंचनजंगा में घूमने-फिरनेवाले लोगो की संख्या में काफी कमी हो गई है।
कंचनजंगा का नाम सुनते ही लोगो के मन में डर सा बन गया है।
क्यूं उस हिमशीला के आगे बढ़ने पर वह
लोग पागल हो जाते है, जिन्दा लाश बन जाते है।

**अंतरा**

जो लोग कंचनजंगा घुमने-फिरने आते
उन लोगो को कभी भी कुछ नहीं होता है, होता है।
तो उन लोगो जो कंचनजंगा की सबसे
ऊँची चोटी के आगे खडी हिमशीला को पार करने का सोचते है।
जिनके ईरादे सही नही होते ।
वही लोग पागल हो जाते है ।
अपनी याददास्त भूलकर जिंदालाश बन जाते है।

**परम**

पर क्यूँ ऐसा होता है। कुछ लोगो के कारण कई सारे लोगो को परेशानी उठानी पडती है । कस्बे के बहुत सारे लोगो का गुजारा कंचनजंगा में आनेवाले यात्री पर्यटको के कारण चलता है। कई सारी अनकही, अनसुनी अफवाओ के कारण अभी कंचनजंगा घुमने-फिरने को कोई भी नहीं आता । में परम उस कस्बे में रहनेवाले बच्चो उनके माता-पिता, और छोटे-बडे व्यापारीओ की ईस परेशानी को दूर करने यहाँ पे आया हूँ ।

# सीन-30
# आउटडोर-लोकेशन-आसमान की परियो का देश-टाईम-सुबह

(परम का अंतरा से आसमान की परियो की दुनिया के बारे में सब-कुछ जानने की ईच्छा जाहिर करना। अंतरा का गुस्से के साथ परम को बहुत कुछ कहँना ।)

**परम**

क्या में आप की ईस दुनिया के बारे में जान सकता हूँ ।

**अंतरा**

गुस्से से
क्या जानना चाहते हो ।
क्यु जानना चाहते हो ।
ईसलिए की हमारी ईस खुबसुरत दुनिया
के बारे में जानने के बाद तुम अपनी
दुनिया में जाकर सब को बता सको
की हकीकत में हम परियो की दुनिया होती है।
हम सिर्फ कहाँनियो और किताबो में नहीं ।
वास्तविकता में भी हमारा वजुद है ।

**परम**

अंतरा नहीं मेरे कहने का मतलब यह नहीं था ।

**अंतरा**

हम हमारी दुनिया में कोई अन्जान ईन्सान को नहीं आने देते ।
मगर तुम्हारा यहाँ तक हमारी दुनिया में आ जाना ।
यही प्रमाण देता है।
परम की तुम एक नेक, सच्चे और पवित्र आत्मावाले हो ।
जो ईन्सान तन और मन से पवित्र होता है ।

वही उस हिमशीला के आगे बढ़ सकता है ।
मैं चाहती हूँ। तुम वापस लौट जाओ ।

## परम

मैने यहाँ पर जो कुछ देखा है, महसुस किया है,
सुना है, ईस सुंदर आसमान की दुनिया के बारे में,
किसी से भी कुछ नही कहूँगा। यह मेरा आप से वादा है।

## अंतरा

तुम कहते हो, की तुम हमारी दुनिया और हमारे बारे में
किसी से कुछ नहीं कहोंगे, मगर हम कहते है । यहाँ से जाने के बाद,
तुम कीसी को कुछ कह पाने के लायक नहीं रहोगे ।
तुम्हारी हालत भी उन लोगो की तरह होगी,
जो पागल होकर अपनी यादद्वास्त भूल चुके है ।

## परम

अंतरा, फिर भी में यही कहूँगा
मैं आप की दुनिया के बारे में पूरा
जान सकता हूँ ।
वैसे भी में नीचे जाकर सब-कुछ
भुल जानेवाला हुँ ।
भूल जाना और याददास्त चली जाने से
पहले ईस सुंदर सी दुनिया को
अपनी आँखो में बसाना चाहता हूँ।
एक सपने की तरह,

# सीन-31

## ईनडोर-लोकेशन-पाठशाला-टाईम-दोपहर

(पाठशाला का पूरा शिक्षकगण तथा विधाधन ट्रस्ट के चेरमेन गोविंदराय माथुर को मालुम हो जाना कि, मुँखिया अमरसिंह, बुजुर्ग रतनसिंह और व्यापारीगण के कहने पर परम का कंचनजंगा की सबसे ऊँची चोटी पर जाना। उन सभी को पाठशाला की औफिस में बुलाना ।)

### गोविंदराय माथुर

मैने जो सुना है, वह सही है।
मुँखिया अमरसिंह
क्या सुना है।
परमकुमार के बारे में,
आप सभी लोगो ने उस कंचनजंगा
की सबसे ऊँची चोटी पर भेजा है।
वह भी अकेले,
मुझे सब मालुम हो चुका है,
अमरसिंह जी आप तो ईस कस्बे के मुखिया है ।
आप से मुजे यह उम्मीद नहीं थी ।
मुँखिया अमरसिंह
शुरु से लेकर आखीर तक, की सभी बाते गोविंदराय माथुर
को कहँनी ।

### शिक्षकगण

आप लोगो ने हम से, ईस पाठशाला,
के सभी बच्चो से यह बात छुपाई,
जुठ बोले की परम सात दिनो के लिए
दहेरादुन गये है ।
पाठशाला के कुछ जरुरी काम के लिए,
हमने जब गोविंदराय माथुर सें टेलिफोन
से बात की, तब हमे मालुम हुआ ।

## व्यापारीगण

छ महिने से कंचनजंगा में घुमने
फिरनेवाले लोग, पर्यटको विदेशीओ
का आना कम हो गया है।
हमारे सारे धंधे ठप हो और बंद हो
चुके है। ईस रहस्य से पर्दा उठाने के
लिए एक ही उम्मीद की किरण थी ।
वह परमकुमार,

## गोविंदराय माथुर

आप लोगो की यह बाते मेरी
समझ के बहार है, में ईन रहस्यो को,
मुखिया अमरसिंह की बातो को नहीं मानता ।
यह सब काल्पनिक बाते है ।

## बुजुर्ग रतनसिंह

सुनो, बेटे
कुछ बाते ऐसी होती है, जो हमारे समझ में नहीं आती,
मेरा यकीन करो, परम
सही सलामत वापस आयेगा ।
कुछ दिन तक ईन्तजार कर लो ।

## गोविंदराय माथुर

चाचा आठ दिन हो चुके है।
परम के न आगे कोई है। न पीछे कोई है ।
सिर्फ में परम को अपने बेटे की तरह मानता हूँ ।
उसके साथ कुछ अनहोनी हुई तो में आप सब लोगो को छोडुंगा नहीं ।
मैं आप लोगो को तीन दिन का वक्त दे रहा हूँ।
मुझे परम सही सलामत ईस पाठशाला में चाहिए ।

# सीन-32
# आउटडोर लोकेशन-आसमान की-
# परियो का देशटाईम-सुबह-

(अंतरा का फिर भी परम को समझाना। वापस नीचे जाने को कहँना। परम की दुनिया की कुछ वास्तविकता और हकीकतसुनानी ।)

## अंतरा

मान लो हम ने तुम्हे हमारी ईस
आसमान की परिया की दुनिया के
बारे में सब-कुछ बता दिया ।
पर तुम जानते हो ।
तुम्हारी जो दुनियाँ है, उसमें रहनेवाले लोगो की कुछ कडवी वास्तविकता भी है ।
बहार से जितने अच्छे और सुंदर है।
उतने ही अंदर से बुरी और जहरीले है।

## परम

मैं कुछ समझा नहीं,
तुम क्या कहँना चाहती हूँ ।

## अंतरा

आज ईन्सान बहुत स्वार्थी और नीच बन चुका है,
ईश्वर ने केवल ईन्सान और औरत बनाये, रहने के लिए
जमीन पीने के लिए पानी, खाने के लिए अन्न
श्वास लेने के लिए हवा, बहुत ही सारी
खुबसुरत सी चीजे दी है।
सोचने के लिए दिमाग
ईस पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश,
से बने हुए शरीर को तुम लोगो ने काम
और वासना से जोड दिया ।

तुम्हारी दुनिया में आज के दौर क्या कुछ हो रहा है।
वह हम सब जानते है ।
मगर कभी तुम्हारी दुनिया में आकर
हमने हस्तक्षेप या नुकशान नहीं किया ।

**परम**

हम मानते है, की हमारी दुनिया,
बहुत आगे बढ़ रही है। प्रगति और
विकास के साथ-साथ हमने हमारे
मन के मानवीय गुण को बहुत पीछे
छोड दिया है ।
प्यार, त्याग, समर्पण, बलिदान
दुसरो के दुखो को नजर अंदाज करना ।

**अंतरा**

ईश्वर ने केवल ईन्सान बनाया, की
वह नीचे जाकर एक नई दुनिया बनाये
मगर जैसे-जैसे आप लोग आगे बढते
गये वैसे-वैसे तुम लोगो में जात-पात उँच-नीच,
अमीर-गरीब, हिन्दु-मुस्लिम, शीख, ईसाई,
जैसे धर्म को लेकर बटॅवारा फैलने लगा ।
देश-देश के बीच समाज और परिवार
के बीज एक अंतर बन चुका है।
ईच्छा-देष, दुश्मनी ईतनी बढ़ चुकी है।
चोरी-लुट, बलात्कार, युध्ध की स्थिती
पे आकर ठहर गई है ।
ईस कारण हम नहीं चाहते की हमारे
दुनिया के बारे में कोई कुछ जान सके ।

**परम**

सुनो, अंतरा
हमारी दुनिया ईतनी भी बुरी नहीं है, की आप हमारे बारे में
कुछ भी सोचे-समज ले । कुछ एसी बाते है, जो आप भुल रहे हो ।

## अंतरा

मै यह नही कहँती, की
आप की दुनिया बुरी है, मगर जिस तरह
से आप लोग ईश्वर के बनाये नियम
तोड रहै है, उसे देखकर डर और चिंता जरुर हो रही है।
आज का ईन्सान
अंतरीक्ष में पहुँच गया है,
समुंदर के भीतर जाकर सच्चा मोती,
और खजाना ढूँढ सकता है।
यहाँ तक की धरती (जमीन) नीचे तक
जाकर कुदरत की समतुला को ही नष्ट कर दिया है।
तुम्हारी दुनिया में भुंकप का आना समुंदर में सुनामी और तुफान आना
मौसम के विपरीत बारिश, ठंडी और गरमी का लगना ।
यह सब ईश्वर की बनाई सुंदर दुनिया के नियमो को, तोडने के कारण हौता है।

# सीन-33
# आउटडोर-लोकेशन आसमान की परीयों का देश-टाईम-शाम

(परम का अंतरा की कहीं हुई सब बातो का प्यार से जवाब देना, अपनी दुनियाँ की बहुत सारी अच्छाईओ से अंतरा कोवाकिफ करवाना ।
परम और अंतरा के बीच बातो-बातो में सुबह की शाम हो जाना ।)

## परम

आज भी हमारी दुनिया में ईश्र्वर को
मानते है। वह चाहे कीसी भी रुप में क्युं न हो,
किसी के लिए ईश्वर है,
किसी के लिए अल्ला है,
किसी के लिए गोड,
तो किसी के लिए वाहे गुरु,
जिन्होने यह पुरी दुनियाँ बनाई,
हमे बनाया, तुम्हे बनाया।
आज भी हमारे दिल में ईन्सानियत है,
क्या बुरा है, क्या सही, यह हम बखूबी समझते है,
आज भी हमारे दिल में प्यार, त्याग,
बलिदान जैसे गुण मौजूद है।
किसी का दर्द देखकर आज भी
हमारी आँखो में से आँसु आ जाते है

## अंतरा

परम तुम्हारी हर एक बात सही है,
मगर हमारी दुनिया के कुछ नियम है,
उसे हम नही तोड सकते ।

## परम

बहुत कुछ पा लिया है, हम लोगो ने,
मगर कुछ ऐसी बाते, रहस्य है।
जो आज तक हम नहीं जान पाये या,
ढूँढ सके, हमारे में कुछ जानने की
जिज्ञासावृति है, जो हमे नयी-नयी जगहो पर
जाने के लिए प्रेरित करती है ।

## अंतरा

परम देखा शाम होने को आई है,
अभी हमारे जाने का वक्त हो गया है, सोच लो,
अभी हम तुम्हे सबी सलामत नीचे
वापस भेज सकते है ।
क्योकि ईस हिमशीला को वही पार कर सकता है ।
जो ईन्सान निष्पापी, निष्कलंकित, धैर्यशील, और जिनका मन पवित्र है,
जिसने कभी भी कीसी का दिल दुखाया नहीं,
परम तुममें वह सभी गुण मौजूद है ।

## परम

दूसरी बार तुम से यही कहना है ।
मैं आप की दुनिया के बारे में
जानना चाहता हूँ। ना मेरे कोई आगे है,
और न कोई पीछे,

## अंतरा

परम अगर आप हमारी दुनिया के
बारे में जानना चाहते हो, तो में
अंतरा आप को हमारी आसमान की परियो की
दुनिया के बारे में बतायेगे सबकुछ,
परम हम ने आपकी आँखे और आपका
चहेरा पढ़ें लिया है। आप दिल से बहुत
अच्छे और नेक हो ।
आप का यहाँ पर आना वह भी

दुसरो के लिए, उनके दुख दुर करने, मगर यहाँ
पर आप जो कुछ भी देखोगें,
वह आप को नीचे जाने के बाद (कस्बे में)
कुछ भी याद नहीं रहेगा। तुम्हारी याददास्त
चली जायेगी । तुम पागल हो जाओगे ।
क्या यह मंजुर है। तुम्हे,

**परम**

हँसकर अंजाम जब मालुम है,तो
फिर क्युं वापस लौटना, मुझे
अंतरा आप की यह बात मंजूर है,
मगर मेरी एक बात आपको माननी होगी,

**अंतरा**

परम कैसी बात

**परम**

कंचनजंगा में फिर से घूमने-फिरने
वाले यात्री, पर्यटको, विदेशीयो का आना, बढ जाना चाहिये ।
कस्बे में फिर से तेजी और खुशहाली बनी रही,

**अंतरा**

हमे मंजुर है,
परम तुम्हे तीन दिन में,
हमारी आसमान की परियो की दुनियाँ
के बारे में सब-कुछ दिखायेगे ।
अंतरा का आँखे बंद करके
अपने हाथो में एक अंगुठी का लाना ।
परम को देना ।

**परम**

अंतरा यह अंगुठी किस लिए,

## अंतरा

परम यह अगुंठी अपनी उँगली में,
पहन लो, पहेली उँगली में,
यह अँगुठी जब-तक तुम्हारी उँगली में,
रहेगी। तब-तक मेरे सिवा तुमको
कोई भी देख नहीं सकेगा ।
(उसी दौरान बर्फ की बारिश शुरु हो जाना ।)

# सीन-34
# आउटडोर लोकेशन आसमान की
# परियो का देश-टाईम-रात

(अंतरा का परम को अपनी आसमान की दुनिया में ले जाना ।)

## अंतरा

बर्फ की बारिश बंद होने के बाद
अंतरा का परम से कहना
परम हम आसमान की परिया
शुक्र (विनस) ग्रह पर रहते है ।
हम सब मिलकर चार परिया है,
हम वहाँ उड-कर जा सकते है।
मगर

## परम

मगर क्या अंतरा कुछ कहते-कहते
क्यु रुक गई ।

## अंतरा

परम तुम्हे वहाँ ले जाने के लिए
हमे श्र्वेत अश्व (युनिकोर्न) को,
बुलाना होगा ।

## परम

श्र्वेत अश्व (युनिकोर्न) क्या होता है।
अश्र्व का मतलब घोडा होता है ।
श्र्वेत का मतलब सफेद होता है।

**अंतरा**

यह श्र्वेत अश्व कोई मामुली घोडा नहीं,
ईस अश्व के सिर पर सोना का शींग होता है,
जो पुरे अंतरिक्ष में घुम-फिर सकता है।
जिनको देखना ही शुभ माना जाता है।
जिनके पास दो सुनहरे पँख होते है ।
जिसे अच्छी तरह देखा भी नहीं जा सकता ।
उतना उसमें तेज भरा होता है ।

**परम**

अंतरा कुछ-कुछ तुम्हारी बाते मेरे समझ में आ रही है।
क्या मुझे उस श्र्वेत अश्व पर सवारी करनी होगी ।

**अंतरा**

तुम तो बहुत जल्दी समज गये ।
हमारी बात, क्या में उस श्वेत अश्व
को बुला लूँ । तुम उस पर सवारी करोंगे ।

**परम**

सुनो अंतरा
आज तक हमने हमारी दुनिया के
किसी मामुली घोड़े पर भी सवारी नहीं की,
और तुम कहँती हो की में ईस अंतरिक्ष
के श्र्वेत अश्व (युनिकोर्न) पर सवारी करूँ,
थोडा मुश्किल है ।

**अंतरा**

मुश्कील कुछ नहीं होता सब मुमकीन है।
बस ईरादा मजबुत होना चाहिए ।
हम है ना तुम्हारे साथ, परम ।

## परम

अंतरा देर किस बात की, बुला दो,
हम उस श्र्वेत अश्व की सवारी जरुर करेंगे ।

## अंतरा

अपनी आँखे बंद करके श्र्वेत अश्र्व
(युनिकोर्न) के बारे में सोचना ।
आस-पास का सारा माहोल ऐक
चमकीले प्रकाश से भर जाना ।

(परम और अंतरा के साँमने उस श्र्वेत अश्व (युनिकोर्न) का प्रगट होना। उँस श्र्वेत अश्व की आँखे नीली थी। जिसका रंग आसमान के बादल से भी कही ज्यादा सफेद था। जिसके सिर पर सोने का शींग था। उस श्वेत रंग के कारण उसकी शोभा में चार चाँद लग जाना। अंतरा के कहने पर परम का उस श्र्वेत अश्व के सिर पर प्यार से हाथ रखना ।)

# सीन-35
## आउटडोर-लोकेशन-परियो का देश-टाईम-सुबह

(परम का उस श्वेत अश्व पर सवार होना, अंतरा के साथ-साथ अंतरिक्ष में उड़ना। शुक्र (वीनस) ग्रह पर पहुँचना ।

**अंतरा**

परम ईस श्र्वेत अश्व की सवारी
कैसी लग रही है।

**परम**

अंतरा सच बात बताउँ मुझे
जैसा प्रतिक होना की में गहरी
नींद में हूँ यह मेंरे लिए एक
सुंदर सपने की तरह है।

**अंतरा**

जब-तक तुम्हे हमारे साथ हो यह
सब तुम्हारे लिए हकीकत है ।
ईस आसमान की परियो की दुनिया से जाने के
बाद यह तुम्हारे लिए एक सपना ही बन जाएगी ।

**परम**

अंतरा मुझे ईस बात का पता है।
सपना ही सही, वैसे ईन सपनो के
सिवा मेरा अपना कोई नहीं ।
हँसते-हँसते परम की आँखो में
आँसुओ का आ जाना ।

## अंतरा

परम की तरफ देखना । सब कुछ समझ जाना ।
उसी दौरान परम-अंतरा का शुक्र (वीनस) ग्रह पर पहुँच जाना ।
(शुक्र (वीनस) ग्रह अपने आप में एक तेजमय और सुंदर ग्रह था। जिस पर, एक सुंदर तालाब था। उस तालाब में खिले कमल पुष्प ईतने बड़े थे। की मानो की वह कमल पुष्प नहीं बल्कि कीसी के रहने की जगह हो ।)

## परम

चारो और नजर फैलाना, आश्चर्यचक्ति होकर कहँना,
यह तालाब के कमल पुष्प ईतने बडे क्यूँ है ।

## अंतरा

यह जो कमल पुष्प तुम देख रहे हो,
परम वह कमलपुषअप हम आसमान की
परियो के लिए रहने और सोने की जगह है ।
हम चार परियाँ, अंतरा, निशा, तारा और आंकाक्षा
ईन अलग-अलग कमल पुष्प में रहते है ।

## परम

अंतर मुजे यकीन नहीं हो रहा ।
कैसे तुम सब ईन कमलपुष्प में रहती हों,

## अंतरा

तालाब के पास जाकर अपने कमलपुष्प को छु ना ।
छु के ही कमलपुष्प का चारो और से खिलना ।
अंतरा को कमलपुष्प के अंदर जाते ही कमलपुष्प का सिमट जाना ।
थोडी देर के बाद कमलपुष्प के खिलते ही अंतरा का बहार निकलना ।

## परम

बडी ही सुंदर और अदभूत दुनिया है।
आप आसमान की परियो की अंतरा,
क्या तुम चारो के सिवा यहाँ और कोई रहता है।
कैसे तुम यहाँ रहते हो, वैसे

## अंतरा

हम चारो आसमान की परियो के सिवा
यहाँ पे ईश्वर के दुत, देवदुत हमारा
खयाल रखते है। हम परोक्ष या प्रत्यक्ष आकर
हम निर्देश करते है। जो हम चारो के लिए पितातुल्य है ।

# सीन-36
# आउटडोर लोकेशन-आसमान की-
# परियो का देश टाईमशाम-

(अंतरा ने परम को जो तीन दिन दिये थे। उसमे से दो दिन गुजर जाना। आखरी तीसरे दीन शाम को अंतरा का परम के साथ उस बडी हिमशीला तक साथ जाना ।) (परम और अंतरा का एक-दूसरे से बाते करना ।)

## अंतरा

परम अपनी आँखे बंद कर लो,
तुम्हे में नीच कस्बे में पँहोचा दूँगी,

## परम

अंतरा तुम से कुछ बात करना चाहता हूँ,
अभी तीन दिन पुरे होने में आधी
शाम और रात बाकी है।

## अंतरा

बोलो- क्या कहना चाहते हो,

## परम

काश यह तीन दिन मुझे जिन्दर्गीभर याद रहते ।
मगर यह मुमकीन नहीं,
नीचे कस्बे में जाने के बाद यह तीन दिन
तुम्हे अंतरा और तुम्हारी आसमान की परियो की दुनिया
के बारे में कुछ भी याद नहीं रहेगा ।
यह सच है ना,

## अंतरा

(परम तुम्हे हमने पहेले ही बता दिया था। यह तो होना ही था । यह कहते-कहँते अंतरा की दो आँखो में दो आँसु का आ जाना । दोनो के गिरते ही वह आँसु का दो मोती, बन जाना ।)

## परम

यह सब देखकर परम का अंतरा से कहँना अंतरा तुम्हारी आँखो में आँसु, क्युं । उनका मोती बन जाना ।

## अंतरा

परम कुछ नहीं, जब आसमान की परियो के आँखो में से आँसु गिरते है, तो वह सच्चे मोती बन जाते है ।

अंतरा का वह दो मोती को उठाकर परम के हाँथो में देना ।

## परम

अंतरा के आँसुओ के बने दो मोती को देखना ।
परम को सबकुछ समझ जाना। अंतरा
एक ख्वाहिश है, मेरी जो तुम्हे,
बुरा न लगे तो में तुम्हे कहँना चाहता हूँ।

## अंतरा

परम तुम्हारी हर एक ख्वाहिश पूरी होगी,

## परम

जाने से पहले में अंतरा तुम्हे
अपने गले लगाना चाहता हूँ ।
तुम्हारे माथे और तुम्हारी आँखो को
चुमना चाहता हूँ ।

## अंतरा

अपने पँख और दो हाथो को फैलाये परम के साँमने खुबसुरत मुस्कान के साथ खडे रहना ।

(परम का अंतरा को गले लगाकर उसके माथे तथा दो आँखो को चुमना) उसके बाद अंतरा और परम का एक दुसरे को जी भर देखना । खामोश रहकर भी सब-कुछ कह देना ।)
अंतरा परम अपनी आँखे बंद करो, मैं तुम्हे कस्बे के बहार खडे वटवृक्ष तक पहोंचा दूँगी। यह कंचनजंगा पहेले जैसा पर्यटको, यात्री, घूमने-फिरने वालो से हरा-भरा रहेगा ।

**परम**

प्यार से अंतरा को देखकर अपनी आँखे बंद करनी ।

# सीन–37

# आउटडोर लोकेशन–कस्बे के–

# बहार खडे वटवृक्ष टाईमसुबह–

(परम का कस्बे के बहार खडे वटवृक्ष के नीचे बेहोशी की हालत में मिलना ।)

## भीमा (सुबह चार बजे)

साईकिल पे आकर अपनी दुकान खोलना ।
अपनी चाय की दुकान की साफ-सफाई के
दौरान भीमा की नजर साँमने
खडे वटवृक्ष पे पडनी ।
जहाँ कोई ईन्सान जैसा लैटा हुआ था। ईतनी सुबह,
कौन होगा, पास जाकर देखता हूँ,
मगर पास जाने से डर लगता है।
काश कोई दूसरा कस्बे का ईन्सान,
गुजरे तो दोनो साथ में जाकर देखे ।

## किशन पहलवान

उसी दौरान किशन का कस्बे से निकलकर बहार आना,
सुबह की कसरत और दौडने,

## भीमा

किशन पहेलवान रुको, ठहरो, यहाँ पे आओ,
किशन पहेलवान,
आवाज सुनकर भीमा के पास जाना ।
बोलो ईतनी सुबह-सुबह हमे क्यूँ बुलाया ।

## भीमा

देखो सांमने खडे वटवृक्ष के नीचे लैटा है ।

## किशन पहलवान

उस तरफ देखना, कोई था जो वटवृक्ष के नीचे लैटा था ।
सारी बात समज जाना ।
(दोनो का उस वटवृक्ष के पास जाना, लैटे हुए ईन्सान को देखना ।)
किशन पहलवान
अरे यह तो परम है, हमारे पाठशाला के शिक्षक,

## भीमा

किशन तुम यहाँ ही ठहरो में
कस्बे में जाकर सभी लोगो को भेजता हूँ ।

## किशन पहेलवान

परम को होश में लाने के लिए जगाने के लिए,
सुनो परम जागो परम उठो परम,
चाय की दुकान से पानी लाकर परम,
के मुँह पे छाँटना ।
फिर भी परम का होश में न आना ।
(कस्बे के सारे मुँखिया अमरसिंह, बुजुर्ग रतनसिंह, सब व्यापारीगण, अब्दुल शेख सभी का वटवृक्ष के नीचे ईकठ्ठा होना , परम का डॉ. गोविंद आहुजा के अस्पताल ले जाना ।)

# सीन-38

# ईनडोर-लोकेशन अस्पताल-टाईम-सुबह

(डॉ. गोविंद आहुजा का परम का ईलाज करना उसी दौरान पाठशाला के शिक्षकगण, सारे बच्चे और गोविंदराय माथुर का अस्पताल में आना। परम से बात करने की कोशिश करना ।)

## डॉ. गोविंद आहुजा

परम को पलंग पे लैटाकर उसके
सिर आँखे और गरदन को हाथ लगाकर
चेक करना ।
कंचनजंगा के सबसे ऊँची चोटी पर से
अचानक नीचे आने के कारण, यहाँ के
वातावरण में अनुकुल होने में टाईम लगेगा,
कितना टाईम लगेगा ।
यह कुछ कह नहीं सकते ।

## गोविंदराय माथुर

परम की आने की खबरे सुनते दौडते हुए अस्पताल पहोंचना,
परम से बात करने की कोशीश करनी,
बेटे, परम सुनो, कहाँ चल गये थे,
मुझसे बात करो, क्यूँ कुछ भी नहीं बोल रहे हो,
सुनो आँखो खोलो, देखना,
परम का जिन्दा लाश की तरह पड़े रहना,

## डॉ. गोविंद आहुजा

देखो सुनो सरजी अभी कुछ भी कहाँ
नहीं जा सकता, हम थोडा ईतजार करना होगा ।
बाद में कुछ बोल सकते है ।
(गोविंदराय माथुर का गुस्से के साथ मुँखिया अमरसिंह व्यापारीगण और बुजुर्ग रतनसिंह के पास जाना ।

## गोविंदराय माथुर

देखो तुम्हारे सभी के कारण आज
परम की हालत क्या हो चुकी है,
अगर मेरे परम को कुछ भी हुआ,
तो तुम सभी को में तारे दिखाँउगा,
जेल भेजुंगा ।

## मुँखिया अमरसिंह

हा, यह सच है,
की हमारे सभी के कहने से परम
कंचनजंगा की उँची चोटी पर जाने को,
तैयार हो गया। मगर ईतना कुछ हो जायेगा ।
यह मालूम नहीं था ।

## बुजुर्ग रतनसिंह

देखो बेटे, सब कुछ ठीक हो जायेगा ।
उस ईश्वर पर भरोसा रखो,
हमारी प्रार्थना ईश्वर जल्दी नहीं सुनता,
मगर देखो यह पाठशाला के सभी बच्चे
परम के ठीक होने के लिए ईश्वर से
प्रार्थना कर रहे है।

## गोविंदराय माथुर

(कस्बे के सारे लोग बडे-बुजुर्ग और)
पाठशाला के सभी बच्चो का ईश्वर से प्रार्थना कर के देखना,
बच्चो के साथ सभी लोगो का परम के लिए ईश्वर से दुआ करनी ।)

# सीन-39
## ईनडोर-लोकेशन अस्पताल-टाईम-दोपहर

(परम का होश में आना, सबको देखना, जानना, पहेचानना, बाते सुनना, आश्चर्यचकित होना, मन ही मन सोचना, क्यूँ मेरी याददास्त चली नहीं गई, क्यूँ में पागल न हो गया।)

### डॉ. गोविंदरा आहुजा )

सुनो सभी लोग,
परम को होश आ रहा है।

### परम

धीरे धीरे अपनी आँखो को खोलना,
आसपास देखना,
उसके सामने गोविंदराय माथुर,
मुँखियाँ अमरसिंह, बुजुर्ग रतनसिंह,
व्यापारीगण तथा पाठशाला के सभी,
शिक्षकगण का मौजुद होना, सभी को
जानना, पहेचानना, उनको सुनना,

### मुँखिया अमरसिंह

मन ही मन सोचना,
उन सभी लोगो की तरह कही परम
अपनी यादद्वास्त भूलकर पागल तो,
नहीं हो गया ।
वर्ना यह गोविंदराय माथुर मुझे और
सभी को छोडेगा नहीं,
परम बेटे तुम सही हो,
हम सब को जानते हो ना,
मैं मुखिया अमरसिंह यह बुजुर्ग रतनसिंह
सब व्यापारी लोग जानते होना ।

**परम**

परम का सभी को देखकर हँसना,
नही में कीसी को जानता नहीं,
मैं कौन हूँ, कहाँ हुँ, मजाक करना,
आप सभी लोगो को में कैसे भुल सकता हूँ,
जोरो से हँसना ।

**मुँखिया अमरसिंह**

परम तुमने तो मेरी और हम सब
लोगो की जान ले लेते,
अगर हम पहचानते नहीं तो,
लो बात करो, गोविंदराय माथुर से
जो तुम्हारे लिए बहुत चिंतीत है ।

**गोविंदराय माथुर**

बेटे कहा चले गये थे।
बिना बताये, एसे बिना बताये तुम
कही भी नहीं जाओगे । मैं तुम्हे वापस
दहेरादुन ले जाने आया हूँ ।

**परम**

सरजी में ईस कस्बे में सही हूँ।
यहाँ का हर एक छोटा-बडा बुजुर्ग जवान
छोटे-बडे बच्चे मेरे लिए मेरा एक परिवार है,
मुजे चाहते है, मुझे प्यार करते है।
मैं ईस कंचनजंगा के छोटे से कस्बे मैं ठीक हूँ ।

**डॉ. गोविंद आहुजा**

चलो सब लोग ईस कमरे को
खाली करो बहार ईतजार करो,
अभी परम को आराम करने दो,
उनसे ज्यादा बात कर के परेशान मत करो,

## परम

सबके जाने के बाद
अस्पताल के उस कमरे मे आँखे बंद करके मन ही मन सोचता,
क्यूं मेरी याददास्त चली नहीं गई,
क्यूं में पागल न हो गया। परम को अंतरा और उसकी आसमान की दुनिया के बारे में सब-कुछ याद रहेना । अपनी उँगली में अंतरा की दी अँगूठी को देखना। जेब में हाँथ डालकर अंतरा के आँसुओ से बने दो मोती को निकालना, होठो से चुमना ।

# सीन-40
## आउटडोर-लोकेशन-कस्बा टाईम-सुबह

(कस्बे में खबर आना, डेविड जोन, पठान अवतारसिंह और ग्याराह लोगो जो पागल हो गये थे। उनका ठीक हो जाना। परम का सभी प्रेस और न्युज टीवी चैनलो के सामने बताना। कंचनजंगापर्वत अब पहेले जैसा सुंदर, आहलादक और सुरक्षित है ।)

### मुखिया अमरसिंह

परम सुना कस्बे में खबर आई है,
वह डेविड जोन, पठान अवतारसिंह,
जिसकी याददास्त चली गई थी, उनका
ठीक हो जाना । अभी मुझे टेलिफोन से मालुम हुआ ।
उसके बाद जो ग्याराह लोगो की टीम थी। जिसका ईलाज
चल रहा था । उनको भी सब कुछ याद आ जाना ।

### परम

सब कुछ याद आ जाना, उनके घर परिवार के बारे में
कंचनजंगा में उनके साथ क्या हुआ वह सब,

### मुँखिया अमरसिंह

उनको सिर्फ अपने घर-परिवार के बारे में
सब-कुछ याद आ गया। उनके साथ कंचनजंगा में क्या-कुछ हुआ यह सब कुछ भी याद नहीं,
बस वह पहले जैसे ठीक और नोर्मल हो गये है।

### परम

मन ही मन सोचना, कंचनजंगा की सबसे उँची,
चोटी के आगे हिमशीला के पीछे कौन-सी दुनिया है।
वह सिर्फ में ही जानता हूँ ।

### मुखिया अमरसिंह

क्या सोचने लगे, परम

### परम

कुछ भी नही, सुनिये मुँखिया जी,
सभी प्रेस और न्युज टी.वी. चैनलवाले का ईकठ्ठा कीजीए ।

### मुँखिया अमरसिंह

क्युं परम किस लिए सब को बुलाना है।

### परम

ईसलिए की पुरे देश और दुनिया को मालुम होना चाहिए,
की कंचनजंगापर्वत पहेले जैसा सुंदर और सुरक्षित है ।
अब तक जो अफवाए बाते हो रही थी। वह सब झुठ था ।
हम लोगो को यह सच बताना होगा ।
जिसके कारण फिर से कंचनजंगा में
यात्री, पर्यटको, घुमने फिरनेवालो से हरा-भरा हो जाये कस्बे में फिर से खुशहाली और तेजी आ जाये ।

### मुखिया अमरसिंह

सही है, में अभी जाकर सभी प्रेस और न्युज टी.वी. वाले को बुलाकर एक मीटींग का बंदोबस्त करता हूँ ।

### परम

(सभी प्रेस और न्युज टी.वी. वालो के सामने परम का बयान देना ।
(कंचनजंगा के बारे में अब तक जो भी बाते अफवाए अनकँही अनसुनी झुठी बाते वह सब बनी बनाई घटॅनाए है. वह विदेशी पर्यटक, पठान अवतारसिंह और ग्याहर लोगो अभी बिलकुल ठीक हो चुके है। में आप सब से यही निवेदन करता हूँ की अपनी न्युज पेपर या न्युज चैनल पर सच्ची बाते लिखे ।
कंचनजंगा पर्वत अब पहले जैसा सुन्दर आहलादक और सुरक्षित है।

# सीन-41

## आउटडोर-लोकेशन-कंचनजंगा टाईम दोपहर-

(दो दिन के बाद कंचनजंगा में पर्यटको, रिसर्च तथा देश-विदेश के लोगो का भारी संख्या में घुमने फिरने आना। पुरे कस्बे में सभी लोगो में खुशी और प्रसन्नता छा जाना। कस्बे के व्यापारीओ का बुजुर्ग रतनसिंह, मुँखिया अमरसिंह का परम से बात करना ।)

**व्यापारीगण**

परम तुम्हारे कारण आज फिर से,
कंचनजंगा यात्रीओ, पर्यटको से हरा-भरा,
बन गया है, फिर से हमारे धंधे में तेजी आ गई है।
परम अगर तुम न होते तो आज भी हम जो यह देख रहे वह मुमकीन न था ।

**परम**

अरे क्या बात कर रहे हो यह,
सब तो होता रहेता है। बस मैं. निमित मात्र हुँ ।

**मुँखिया अमरसिंह**

हमारा और ईस कस्बे का भाग्य है,
कि परम तुम यहाँ हमारे दुखो को दूर करने आये। वर्ना दूसरो के लिए कोई क्यो ईतना कुछ करता है।

**परम**

क्या मुँखिया जी यहँ कहँकर आप ने मुजे पराया कर दिया ।
में आप का अपना नहीं ।

**मुँखिया अमरसिंह**

नहीं परम तुम तो मेरे दिल के टुकडे हो,
यह कहकर परम को गले लगाना ।

## बुजुर्ग रतनसिंह

बेटे परम मेरी कहीँ हुई बात याद है,

## परम

चाचा कौन सी बात

## बुजुर्ग रतनसिंह

ईश्वर कुँछ खास और नेक कर्म करने के लिए कुछ खाँस
और नेक दिल के ईन्सान को चुनता है।
याद आया परम ।
परम को अकेले में ले जाकर कहँना ।
बेटे मेरी तो उम्र हो चुकी है, कब उस ईश्वर का बुलावा आ जाये, कहँ नहीं सकता ।

## परम

चाचा क्युए एसी बाते कर रहे हा,
बुजुर्ग रतनसिंह
बेटे हिमशीला के आगे तुमने क्या देखा,
कौन सी दुनिया है, यह में जानना नहीं चाहता,
मगर कभी भी उस रहस्य को किसी के सामने बयान मत करना ।
क्योकिं यह सारी दुनिया के कुछ स्वार्थी और मतलबी ईन्सान तुम्हारे
दुश्मन बन जायेगे ।

## परम

चाचा में परम आप की पूरी बात समझ गया ।
में ईस बात का पूरा ध्यान रखूँगा ।
(ईसी दौरान परम को मिलने अब्दुल शेख का अपनी बच्ची तमन्ना, के साथ मिलने आना, उसके बाद किशन पहेलवान का अपनी बीवी के साथ परम को मिलने आना। दोनो में सुलह हो जाना। खुशी-खुशी दोनो साथ में रहना। यह जानकर परम का बहुत खुश होना ।)

# सीन-42
# आउटडोर-लोकेशन परम के घर की छत, टाईम-रात (चाँदनी रात)

(एक दिन चाँदनी रात में अंतरा का परम को मिलने आना। परम के सारे सवालो का जवाब देना, परम को प्यार से समझाना ।)

## परम

अपने घर की छत पर अकेले बैठकर,
आसमान को चाँदनी रात को देखना,
मन ही मन सोचना । अंतरा के बारे में,
अंतरा के साथ बिताये,
तीन दिनो के बारे में, आसमान की परियो की
दुनियाँ के बारे में,
मेरे साथ ही क्यूँ हुआ ।
क्यूँ मेरी याददास्त चली नहीं गई,
क्यूं में पागल न हो गया ।
(ईसी दौरान परम को अपने कांधे पे कीसी के हाथो का स्पर्श महेसुस होना। पीछे पलटकर देखना, अपने सामने अंतरा को देखना ।)

## अंतरा

परम पहले एकदम शांत हो जाओ ।
बेठो मेरे पास
हम तुम्हे, तुम्हारे हर एक सवाल का जवाब देने आये है ।
परम अपने दिलो-दिमाग पर ईतना भी जोर मत दो ।
परम अंतरा यह सब क्या हो रहा है, मुझे तुम्हारे बारे में,
तुम्हारी दुनिया के बारे में, सब कुछ पता है।
तुम ने तो कहाँ था। के मेरी याददास्त चली जायेगी। में पागल हो जाउँगा,
पर ऐसा कुछ तो मेरे साथ नहीं हुआ ।

## अंतरा

हँसते हुए परम
तुम्हारा उस हिमशीला को पार करना ही
यही प्रमाण देता है, कि परम तुम सब से अलग है।
यह तो मैने तुम्हारा ईम्तहान लेने के
लिए तुम्हे डराने के लिए, तुम्हे वापस भेजने के लिए
झुठ कहाँ था ।
मगर तुम अपनी जिद पर अड़े रहे ।

## परम

अंतरा अगर में डर जाता, तुम्हारी बात मानकर
वापस लौट जाता। तो मेरे साथ क्या होता ।

## अंतरा

परम तुम सचमुच अपनी याददास्त भुलकर पागल हो जाते ।
परम जो दिल के अच्छे होते है, कर्म से नेक होते है,
दुसरो का दर्द समझते है, दुर करते है, वही हमे जान सकते है,
परम तुम अपने नाम की तरह परम हो, (पवित्र)
वही ईन्सान हमे देख सकता है, छु सकता है, हम से बात कर सकता है।
जिसका दिल और दिमाग तुम्हारी तरह परम हो (पवित्र हो, )
उसका ही हमारी आसमान की परियो की दुनिया में स्वागत है ।
परम एक जरुरी बात करनी है।

## परम

बोलो, अंतरा कौन सी बात है ।

## अंतरा

हमारी आसमान की परीयो की दुनिया की,
मौजूदगी और अस्तित्व के बारे में
किसी से, कभी भी, कहीं भी,
कोई बात न करना, वर्ना ईस दुनिया के कुछ स्वार्थी और जहरिले
लोग तुम्हारे दुश्मन बन जाएगे। तुम्हे जीने नहीं देगे ।

**परम**

अंतरा में तुम से वादा करता हूँ ।
मेरी आखरी साँस तक यह रहस्य
मेरे सीने में कैद रहेगा ।
मेरे मरने के बाद
(मेरे मरने के.. यह परम के बोलने से पहेले अंतरा ने अपने हाथो, से परम के मुँह
को बंद कर देना, उसे कुछ
आगे नबोलने देना ।)

**अंतरा**

परम अब कुछ भी कहने की जरुरत नहीं ।

**परम**

अंतरा को अपने गले लगाकर जी भरके प्यार करना ।

**अंतरा**

परम को प्यारभरी आँखो से देखकर वापस
अपनी आसमान की परियो की दुनियाँ में चले जाना ।

## मध्यांतर

जहाँ अच्छाई ज्यादा बढ जाती है ।
वहा बुराईया भी अपनी जगह
बनाने की कोशीश मे लग जाती है ।

# परम अंतरा 2 –

## पात्रो (केरेक्टर)

| | |
|---|---|
| शंशाक दुबे | न्युज रिपोर्टर |
| किरण | छोटा बच्चा |
| मंगल | बस का ड्राईवर |
| मि.एक्स | डेवीडजोन |
| छोटु | एक पहेलवान |
| निर्मलादेवी | शंशांक की माँ |
| घनश्याम | वाई ओफिस का प्युन |
| धवल जोशी | वाई न्युज चैनल का मेनेजर |
| निरव अशोक | पाठशाला के बच्चे |
| शंकर | पाठशाला का प्युन |
| नंदु | गुंडो का बोस |
| चीलकुट | गुंडो का बोस |
| पीन्टु | गुंडे का नाम |
| पहेलवान लोग | किशन पहेलवान के अखाडे से |

## देशकाल और वातावरण (ळोकेशन)

| | |
|---|---|
| बसस्टोप | कस्बे का |
| ओफिस | पाठशाला की |
| मैदान | पाठशाला के बहार |
| म्युजियम | |
| शंशाक दुबे का घर | |
| वाई न्युज चैनल का ओफिस | |
| बस स्टोप | मुंबई बी.एम.टी.एस का |
| होटल का रुम | |
| समुंदर | मुंबई, जुहु |
| मेला का आयोजन | कस्बे में |
| एक बडा सा होल | |

# सीन-43

## आउटडोर. लोकेशन, बस स्टोप, टाईम, सुबह

(कस्बे के थोडे दुर एक बस स्टोप था जो बहार के यात्री,
मुसाफिरो को कस्बे तक पहोचाता था । )

**बस स्टोप**

एक बस का आकर रुकना ।
सभी मुसाफरो का उतर जाना । आखिर मे एक बडी बेग के साथ एक आदमी का उतरना । जिसका नाम शंशाक दुबे था ।

**शंशाक दुबे**

जो एक न्युज चैनल वाई का रिपोर्टर था ।

**भीमा**

गरमा गरम चाई पी लो,

**शंशाक**

एक गरम चाय देना ।
चाय पीते पीते पुछँना ।
यहाँ पाठशाला कहाँ पे है ।

**भीमा**

क्युँ पठने के लिए जाना है ,
हँसते हुँए कहाँ,

**शंशाक**

नही दोस्त मुजे शिक्षक परम
से मिलना है ।

**भीमा**

अरे साबजी परम तो ईस कस्बे की
जान है, शान है ।
सुना सीधे-चलने के बाद एक
मोड आएगा । वहाँ से कुछ  दुर
आप को पाठशाला दिखाँई देगी ।

**शंशाक**

कुछ चलने के बाद पाठशाला के
सामाने पहोंचना । अपने केमेरे मे
पाठशाला की तस्बीर खींँचना  ।

# सीन-44

# ईनडोर , लोकेशन, पाठशाला की ओफिस , टाईम-दोपहर

(शंशाक डुबे का पाठशाला मे जाकर परम से मिलना । )

### शंशाक

परम के पास जाकर अपना आईडी कार्ड दिखाना । में न्युज चेनल वाई से आया हुँ
आप का ईन्टरव्यु लेना है ।
आप के साहस और कस्बे के जीवन को बदलने के लिए आपने जो भी परिश्रम
किया है । वह जानना है ।

### परम

अच्छी बात है, शंशाक पर मुजे माफ करना । मुजे कोई ईन्टरव्यु नहीं देना ।

### शंशाक

क्यु सर

### परम

मेरे पास बहुत काम है
पाठशाला के बहुत से काम बाकी  है । में अपना समय नही दे पाउँगा  ।

### शंशाक

आप के पास जब भी समय मिले ,
सुबह,  दोपहर नहीं तो रात को भी हम बात कर सकते है ।

### परम

कोशिक करुगाँ ।

**शंशाक**

अच्छा मे यहाँ सात दिन रहेनेवाला हुँ । कोई रहेना का प्रबंध है।

**परम**

यहाँ छोटी सी होटल है ।
जहाँ आप का रहेना का बंदोबस्त हो जाएगा ।

**शंशाक**

उठकर परम से हाथ मिलाना परम ओके
(शंशाक का पाठशाला की ओफिस से बहार निकलना । )

# सीन-45
# ईनडोर,लोकेशन, बुजुर्ग रतनसिंह का घर टाईम-शाम

(परम  का शाम को बुजुर्ग रतनसिंह से मिलने जाना ।

## परम
चाचा केसे हो आप,
आप से मिलने का मन किया ।

## बुजुर्ग रतनसिंह
बेटे, परम आओ बैठो,

## परम
चाचा मुजे लगा है, मेरी प्रसीध्धी कामयाबी, मेरे लिए मेरी दुश्मन न बन जाये ।

## बुजुर्ग रतनसिंह
क्या हुआ परम क्यु एसी बात कर रहे हो ।

## परम
आज दोपहर को पाठशाला मे मुबंई सेएक पत्रकार, रिपोर्टर शंशाक दुबे मिलने आया था।

## बुजुर्ग रतनसिंह
कीसे लिए बेटा

## परम
चाचा वह ईस कस्बे की  के बारे मे, मेरे और कंचनजंगा के सफर और साहस के बारे मे दुनिया को बताना चाहता है ।
मेरा ईन्टरव्यु लेना चाहता है । सोचता हुँ , क्या करुँ ,

## बुजुर्ग रतनसिंह

परम जो तुम्हारा मन करे वह तुम करो,
ईधर-उधर की गोल –गोल बात कर उसे ईन्टरव्यु दे दो,

## परम

मेरा मन मना कर रहा है ,
उसको मना ही कर दुँ ,

## बुजुर्ग रतनसिंह

तुम्हे लगता है, की तुम्हारे मना करने के बाद वह मान जाएगाँ ।
यह जो न्युज रिपोर्टर होते है, वह नई और ताजा खबरो के भुखे होते है ।

## परम

अच्छा चाचा मे समज गया मुजे क्या करना है ।
उस रिपोर्टर को अब मे देख लुगाँ ।

# सीन-46

## आउटडोर, लोकेशन, पाठशाला का मैदान, टाईम – सुबह

(परम का पाठशाला के सभी शिक्षकगण और सारे
बच्चो का पाठशाला के मैदान मे बुलाना ।)

### परम

मेरे प्यारे बच्चो और सभी आदरणीय शिक्षकगण आज हम पढना या पढाना नही
आज हम सब बहार धुमने जाना है।
पाठशाला के बच्चे एक साथ चिल्लाकार कहाँ जाना है, परम सर,

### परम

मैदान पर खडी दो बसो को दिखाना ।
प्यारे बच्चो आज हम देखने जा रहे है, म्युजीयम
सारे बच्चे
सर म्युजीयम मे क्या होता है,

### परम

यह तुम लोगो को वहाँ जाकर मालुम होगा ।
आप सभी बच्चे सामने खडी बसो में बैठ जाईए ।

### रीटा चौधरी

सभी छोटी – बडी लडकियाँ मेरे पास आ जाओ। मे तुम सभी को बसो में बिठाने
की व्यवस्था करती हुँ ।

### विमल उपाध्याय

सभी सारे लडको मेरे पास आकर खडे हो जाईए ।
(सभी शिक्षकगण और बच्चो का परम के साथ बसो में बैठकर सुनहरे रास्ते, और
प्रकृति की  खुशनुमा हवा और मौसम के साथ हर्ष-उल्लास के साथ आगे बठँना ।

# सीन-47

# ईनडोर, लोकेशन, म्युजीयम, टाईम-सुबह

(परम का सभी पाठशाला के बच्चो और शिक्षकगण के साथ एक बडे म्युजियम  के अंदर जाना ।)

## सभी बच्चे

जैसे ही म्युजियम के अंदर जाना । आश्यचक्ति होकर खुश हो जाना । चारो और रंगबेरंगी लाईट से पुरा म्युजीयम रोशनी से जगमगा रहा था । जिज्ञाशावश कई बच्चो को अपने साथ घुम रहे टीचर से सवाल करना ।

## एक छोटा बच्चा कीरण

रीटा टीचर यह क्या है । किरण काच की बडी सी केबीन मे कुछ अदभुत किमती पथ्थरो की और ईशारा करना ।

## रीटा चौधरी

बेटे किरण यह बहुत ही मुल्यवान रत्न है । जो बहुत पहेले के जमाने के है ।

## किरण

दो-चार उसके जैसे बच्चो के साथ आगे-आगे
सभी म्युजियम की चीजो को देखना ।

## परम

म्युजियम मे सभी छोटे बडे बच्चो का ध्यान रखकर आगे बठ रहा था ।
ईस म्युजीयम मे प्राचीन सभ्यता मिस्र, हडप्पा, मोहंजोदडो के मुहरे, बर्तन, ग्रीक-रोमन, मेसापोटमिया की संगमरमर की मुर्तिया, मीट्टी के बर्तन, चित्र, शिल्प, नटराज की मुर्चि, प्राचीन राज्य के पोशाक, हथियार, तोपे सिंहासन काफी पुराने समय की चीजो का लाईन टु लाईन प्रर्दशन मे रखी गई थी ।
एक बच्चो का छोटा सा समुह पहेले के जमाने मे राजा-महाराजा जिन जिन  खुंखार जानवरो का शिकार करते है । उस मरे हुए जानवरो का स्टैचु देखकर डर जाना ।

कई छोटे बच्चो का रोना, चिल्लाना । अपनी माँ को बुलाना । विमल उपाध्याय और परम  दोनो का उन बच्चो के पास जाकर शांत करना । समजाना ।

## परम

मेरे प्यारे बच्चो यह जानवर असली है । पर मरे हुए, जिनके अंदर मरी मसाला डालकर काच के बडे बडेखानो मे स्टैचु बनाकर खडा किया गया है । जिंदा नही है ।
आप सब उन्हे देख सको । ईसलिए यहाँ पे रखे है ।

## सारे बच्चे

परमसर की बात सुनकर हँसते –हँसते एक दुसरे से कहने लगे । यह जानवर भर गये हा । यह सिर्फ स्टेचु बनाकर रखा है । हाँ,हाँ,हाँ म्युजियम मे बच्चो की हँसी  से गुंज उठना ।
(म्युजियम मे घुमते-घुमते दोपहर हो जाना । )

## परम

म्युजियम के बहार एक छोटा सा लोज होना । वहाँ सभी बच्चो को ले जाना ।

## रीटा चौधरी

सभी छोटी बच्चीया और छोटे बच्चो को मेंगो ज्युस, और सेन्डवीच खिलाना  ।

## परम

सभी बच्चो को लाईन मे बिठाकर उनको खाना खिलाना ।

## रीटा चौधरी

दो ज्युस की बोटल निकालकर विमल उपाध्याय और परम को देना  साथ मे सेन्डवीच भी ।
(तीनो का सभी बच्चो के साथ मे बैठकर खाना । साम को म्युजियम के बहार एक बजा सा सुंदर गार्डन मे सभी बच्चो को खेलना , कुँदना , पानी मे नहाना ।
वापस कस्बे मे पहुँचने के लिए बसो मे बैठना ।
सुबह से लेकर शाम तक धुमते-घुमते सभी बच्चो का बस मे सो जाना । कुछ शिक्षक की भी नींद लग गई ।

## परम

अपने सारे बच्चो को देखकर मन ही मन खुश हो रहा था ।हँस रहे थे । उसे नींद आ रही थी ।

मंगल (बस का ड्राईवर)

परम सर क्यु अकेले-अकेले हँस रहे  हो ।

## परम

मंगल ईन सभी बच्चो को देखकर कीतने सुंदर और मासुम है । सुबह जागना, नाहना, तैयार होना, पाठशाला जाना, वापस घर आना, खेळना, कुँदना रात को सो जाना । दिन पुरा हो जाना.

ईस बडे लोग तुम और हम हमारे जैसे बडे लोग होने के कारण सब खो देते है ।

## मंगल

परम सर आप की बात मे  बिलकुल समज गया ।

छोटा रहना अच्छा है । बडा होना बहुत बडी सजा है ।

## परम

बहुत ही होशियार हो, तुम ।

# सीन-48
# ईनडोर, लोकेशन-परम का घर, टाईम-शाम

(एक दिन शाम को शंशाक दुबे का परम मिलन उसके घर

**जाना ।)**

परम अपने घर का दरवाजा खोलना । सामने शंसाक दुबे को देखना ।

**शंशाक**

गुड ईवनिंग

**परम**

आओ शंशाक

**शंशाक**

यहाँ से गुजर रहा था । सोचा आप से मिलता चलु,

**परम**

अच्छा बोलो कुछ काम था ।

**शंशाक**

